
दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 26 जयपुर, गुरुवार, 04 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



# सात जिलों में पारा पांच डिग्री से कम...
## तीन दिन बाद बारिश की संभावना...

### बर्फीली हवाओं से छूटी धूजणी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लगातार शीतलहर का प्रकोप जारी है। लगातार पारे में गिरावट से सर्दी बढ़ती जा रही है। वहीं उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं से धूजणी छुड़ा दी।

राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में दिन का पारा 20 डिग्री से भी नीचे आ गया है। इसके साथ ही सात शहरों में पारा पांच डिग्री से कम हो गया है। वहीं अधिकतर कोहरे के कारण हवाई, ट्रेन और सड़क मार्ग बाधित रहा। जयपुर एयरपोर्ट पर दो फ्लाइट रद्द हो गई। कई ट्रेन भी कोहरे के कारण प्रभावित हुई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो- दिन दिन में पश्चिमी विक्षोभ के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई गई है।

फोटो: पंकज शर्मा

**-2** डिग्री सेल्सियस रहा माउंट आबू का पारा

**100** मीटर से कम रही जयपुर मे विजिबिलिटी

**4.2** डिग्री सेल्सियस रहा फतेहपुर और बीकानेर का पारा

**5.7** डिग्री सेल्सियस रहा राजधानी जयपुर का तापमान

## जरूरी खबर

### JN.1 वैरिएंट के मामलों में बढ़ोतरी 511 नए केस मिले



नई दिल्ली/ जयपुर। कोविड-19 का देश में प्रसार जारी है। बीते 24 घंटे के दौरान देश में संक्रमण के 602 नए मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही सक्रिय मामलों की कुल संख्या 4,440 हो गई है। 24 घंटे की अवधि में पांच लोगों की कोविड से मौत हो गई। इसके अलावा कोविड-19 के नए वेरियंट जेएन.1 के अब तक कुल 511 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से सबसे अधिक मामले कर्नाटक से सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक से 199, केरल से 148, गोवा से 47, गुजरात से 36, महाराष्ट्र से 32, तमिलनाडु से 26, दिल्ली से 15, राजस्थान से चार, तेलंगाना से दो और ओडिशा व हरियाणा से एक-एक मामला सामने आया है। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देश को कोविड मामलों की संख्या में तेज वृद्धि और जेएन.1 उपस्वरूप के मामले सामने आने पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया है।

### केपटाउन में पहले दिन गिरे 23 विकेट



केपटाउन। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन 23 विकेट गिरे। दोनों टीमों के तेज गेंदबाजों ने विकेट लिए। केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 55 रन पर ही ऑलआउट हो गई। भारत से मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट लिए। टीम इंडिया भी अपनी पहली पारी में कुछ खास नहीं कर सकी और 153 रन पर ही सिमट गई। हालांकि टीम को 98 रन की बढ़त मिली। विराट कोहली ने 46 रन बनाए, जबकि 7 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सके। साउथ अफ्रीका के 3 बॉलर्स ने 3-3 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका ने तीसरे ही सेशन में अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 62 रन बना लिए। हालांकि टीम अब भी भारत से 36 रन से पिछड़ रही है और उसके 7 विकेट बाकी हैं।

## केंद्रीय जांच एजेंसियों की ताबड़तोड़ कार्रवाई
# राजस्थान और हरियाणा में NIA की छापेमारी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में केंद्रीय जांच एजेंसियों ईडी और एनआईए ने बुधवार को कई ठिकानों पर सुबह छापेमारी की। एनआईए ने गोगामेड़ी हत्याकांड से जुड़े लोगों पर हरियाणा और राजस्थान में एक साथ 31 स्थानों पर छापेमारी की। वहीं ईडी ने झारखंड खनन घोटाले को लेकर छापा मारा। ईडी की टीम झारखंड के साहिबगंज में डिप्टी कलेक्टर रामनिवास यादव के राजस्थान में कई ठिकानों पर दबिश दी। यादव के जयपुर में निवास और कई दूसरे ठिकानों पर सुबह ईडी की टीमें छापेमारी की।

राजस्थान ईडी की टीम को इस छापेमारी से अलग रखा गया है। वहीं एनआईए की टीमों ने प्रदेश में एक साथ 15 जगहों पर व्यापक तलाशी ली और बड़ी संख्या में पिस्तौल, गोला-बारूद, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और डीवीआर सहित डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ वित्तीय लेनदेन से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए। वहीं एक प्रमुख संदिग्ध, अशोक कुमार मेघवाल निवासी झेरली गांव झुंझुनूं को गिरफ्तार कर कई हथियार और गोला-बारूद की बरामद किया गया। पूछताछ में मामले में उनकी संदिग्ध भूमिका उजागर हुई और मामले में आरोपी कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा के साथ उनके संबंध का भी पता चला, जिसने कथित तौर पर दो शूटरों को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या के लिए प्रेरित किया था।

### लॉरेंस गैंग के गुर्गे अशोक को झुंझुनूं से किया अरेस्ट
#### बड़ी संख्या में पिस्तौल, गोला-बारूद, मोबाइल फोन बरामद




### जयपुर में शूटर रोहित राठौड़ के घर पर भी मारी रेड

एनआईए की एक टीम ने खातीपुरा स्थित सुंदर नगर में शूटर रोहित राठौड़ के घर भी रेड की और सर्च की कार्रवाई की। वहीं एनआईए की एक टीम टोंक जिले के अलीगढ़ कस्बे में सुबह 5 बजे पूजा सैनी के घर पहुंची। गोगामेड़ी के हत्या करने वाले शूटरों को पूजा ने हथियार उपलब्ध कराए थे। टीम ने पूजा सैनी के परिवार वालों से लगभग 5 घंटे पूछताछ की। पूजा सैनी के भाई राजू का मोबाइल भी टीम साथ लेकर गई है। इसके अलावा एनआईए की टीम शूटर रोहित राठौड़ के गांव भी पहुंची और छानबीन की। वारदात में शामिल शूटर रोहित राठौड़ मूल रूप से डीडवाना के जूसरी गांव का निवासी है। वहीं एक अन्य टीम ने मकराना पुलिस के साथ जूसरी गांव जाकर गोगामेड़ी की हत्या के आरोपी शूटर रोहित राठौड़ के घर की तलाशी ली और घर को सील कर दिया। रोहित और उसका परिवार पिछले 30 सालों से जयपुर में ही रह रहा था। हाल ही में रोहित के मकान पर बुलडोजर चलाया गया था।

### ईडी ने झारखंड खनन घोटाले में कई जगह की छापेमारी

झारखंड खनन घोटाले को लेकर प्रदेश में साहिबगंज में डिप्टी कलेक्टर रामनिवास यादव के कई ठिकाने पर छापेमारी हुई। यादव के जयपुर में निवास और कई दूसरे ठिकानों पर सुबह ईडी की टीमें छापेमारी कर संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची में भी मुख्यमंत्री के कुछ करीबियों के घर दबिश दी है। आईएएस और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, साहिबगंज के खोदनिया ब्रदर्स, झारखंड सीएम के प्रेस सलाहकार, पूर्व विधायक पप्पू यादव और डीएसपी राजेंद्र दुबे के ठिकानों पर छापेमारी जारी है।

## श्रमजीवी एक्सप्रेस बम विस्फोट केस का फैसला
# 19 साल बाद 2 आतंकियों को सुनाई सजा-ए-मौत
## पांच-पांच लाख का भी लगाया जुर्माना

एजेंसी | जौनपुर

श्रमजीवी एक्सप्रेस में विस्फोट करने वाले आंतकियों हेलाल और नफीकुल को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) राजेश राय ने दोनों आंतकियों पर पांच-पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दोनों आतंकियों को अदालत ने 22 दिसंबर को दोषी करार दिया था। इससे पहले भी दो अन्य आतंकियों को इसी तरह फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया था। एक आतंकी की पहले ही मौत हो चुकी है। दो अन्य आतंकी अभी तक गिरफ्तार नहीं हो सके हैं।

पुलिस जांच के दौरान ओबैदुर्रहमान उर्फ बाबू भाई निवासी कलियानी जिला बगुरा बांग्लादेश, मो. आलमगीर उर्फ रोनी, नफीकुल विश्वास, सोहाग उर्फ हेलाल, शरीफ उर्फ कंचन उर्फ सैफुद्दीन, गुलाम पाजदानी उर्फ याहया व डॉ. सईद का नाम प्रकाश में आया। इसमें डॉ. सईद की मौत हो चुकी है और दो आरोपी पकड़ में नहीं आए। रोनी ऊर्फ आलमगीर व ओबैदुर्रहमान उर्फ बाबू भाई को कोर्ट 2016 में फांसी की सजा सुना चुकी है। 22 दिसंबर को हेलाल व नफीकुल विश्वास को दोषी करार दिया दिया गया था। सजा पर सुनवाई के लिए दो जनवरी की तिथि तय की गई। दो जनवरी सजा पर सुनवाई पूरी करते हुए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था।



### क्या था मामला

श्रमजीवी एक्सप्रेस के जनरल बोगी में 28 जुलाई, 2005 की शाम 5:20 बजे सिंगरामऊ व हरिहरपुर स्टेशन के बीच हरपालगंज क्रासिंग पर आतंकवादियों ने बम विस्फोट किया था। विस्फोट में 14 लोगों की मौत व 62 लोग घायल हुए थे। मामले में रात 11:30 बजे ट्रेन के गार्ड जाफर अली ने जीआरपी थाने में मामला दर्ज कराया था।

## डीजी-आईजी सम्मेलन
# पांच को जयपुर आएंगे पीएम मोदी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर में होने वाले डीजी-आईजी सम्मेलन में शिरकत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनवरी को जयपुर आएंगे। पहले उनका छह जनवरी को आने का कार्यक्रम था, लेकिन अब उनके जयपुर आने के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री पांच जनवरी को भाजपा कार्यालय आने का कार्यक्रम है। मोदी भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक ले सकते हैं। इसे लेकर भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं अपने तीन दिन के दौरे पर पीएम मोदी का राजभवन में ठहरना प्रस्तावित है। ऐसे में बुधवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री की यात्रा से संबंधित सुरक्षा और आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित समीक्षा भी की। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन और उनके ठहरने से संबंधित सभी कार्य उन्होंने समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।



राज्यपाल ने लिया राजभवन में व्यवस्थाओं का जायजा

## 6 साल पूर्व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी शिकायत
# 2 से 5 लाख की घूस लेकर किए नियमित... अब ACB को जांच

- ACB ने उप रजिस्टार व केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक समेत दो के खिलाफ दर्ज किया मामला
- ACB ने प्रारंभिक जांच में 98 अपात्र और पहले घोषित 174 अनियमित लोगों को नियमित करना माना नियम विरुद्ध

बेधड़क | जयपुर

श्रीगंगानगर में सहकारी समितियों में 272 अस्थाई कर्मचारियों को नियम विरुद्ध नियमित करने के मामले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने छह साल बाद प्राथमिकी जांच करने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोप है कि उप रजिस्ट्रार व प्रबंधक निदेशक केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड एमआर खन्ना व डिप्टी रजिस्ट्रार देवेंद्र सिंह खींची ने नियम विरुद्ध व अपात्र लोगों को 2 लाख रुपए से 5 लाख रुपए लेकर नियमित किया है। मामला जून, 2016 का है। इस मामले में साल 2017 में भाजपा सरकार के दौरान सीएम हेल्पलाइन नंबर पर राजवीर सिंह ने शिकायत की थी। शिकायत की जांच करने के लिए सीएमओ ने तब सहकारिता विभाग और एसीबी को निर्देश दिए थे। तब से एसीबी के अधिकारी मामले की प्राथमिकी जांच कर रहे हैं। अब जांच के बाद एसीबी ने मामला दर्ज कर लिया।

पड़ताल में सामने आया कि सहकारिता विभाग ने 2016 में सहकारी समिति में कार्यरत व्यवस्थापक व सहायक व्यवस्थापकों को नियमित करने के आदेश दिए थे, लेकिन उप रजिस्ट्रार एमआर खन्ना व देवेंद्र सिंह खींची ने तय तारीख से पहले स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुलाकर पहले से घोषित अनियमित 174 लोगों और 98 ऐसे लोगों को नियमित कर दिया, जो पात्र ही नहीं थे।



### एक की जगह नियमित कर दिया तीन-तीन को

पड़ताल में सामने आया कि आदेशों के अनुसार एक समिति में एक ही व्यवस्थापक या फिर सहायक व्यवस्थापक को नियमित करना था, लेकिन अफसरों ने मिलीभगत करके एक समिति में ही तीन-तीन लोगों को नियमित कर दिया। जहां पर पहले से व्यवस्थापक कार्यरत थे, उन समितियों में 87 सहायक व्यवस्थापकों को नियमित कर दिया। जबकि वहां पर व्यवस्थापक होने पर सहायक व्यवस्थापकों को नियमित ही नहीं करना था। इनमें 17 अपात्र लोगों को नियमित कर दिया, उनकी योग्यता ही नहीं थी। उनकी मार्कशीटें संदिग्ध थी। अफसरों ने मिलीभगत करके 98 अस्थाई लोगों के साथ पहले से डिबार हो चुके 174 लोगों को भी नियम विरुद्ध नियमित करके राजस्व को नुकसान पहुंचा दिया।

## जरूरी खबर

### राम मंदिर बनने से मेरा संकल्प पूरा हुआ: दिलावर



**बेधड़क, जयपुर।** कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को सचिवालय अपने ऑफिस में पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर दिलावर ने कहा कि गरीब को गणेश मानकर काम करेंगे। मदन दिलावर ने कहा कि मैं परिवार और कार्यकर्ताओं के साथ रामलला के दर्शन करने जाऊंगा। मैंने फरवरी 1990 में संकल्प लिया था कि जब तक राम मंदिर नहीं बन जाएगा, तब तक माला नहीं पहनूंगा। धारा 370 नहीं हट जाती, तब तक आरामदायक बिस्तर पर नहीं सोऊंगा। मेरा यह संकल्प अब पूरा हो चुका है।

### योजनाओं से पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे: देवनानी

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एक दिवसीय दौरें के तहत बुधवार को डूंगरपुर जिले के ग्राम चितरी में स्थित उमिया माताजी मंदिर पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने उमिया माताजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। देवनानी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। लाभार्थी उसमें जाकर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ ले। देवनानी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनका नवाचार करके नवयुवक स्टार्टअप आरंभ कर सकते हैं एवं लोगों को रोजगार दे सकते हैं।

### अंतिम छोर तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: सिंह



**बेधड़क, जयपुर।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरीराज सिंह ने बुधवार को जयपुर में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज योजनाओं के राज्य में क्रियान्वयन और प्रगति को लेकर संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने पंचायत के सभी स्तरों को आपस में एकीकृत होकर सकारात्मक दृष्टिकोण से सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए ताकि पंचायत के माध्यम गांवों में समाज के अंतिम छोर तक केंद्र की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने मनरेगा, पीएम आवास योजना, ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, जल संरक्षण आदि योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**श्रीकरणपुर सीट पर थमा चुनाव प्रचार,** कल सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी वोटिंग

# डोटासरा को लगा हार का सदमा अभी तक नहीं उतरा: जोशी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर के चुनाव प्रचार का शोर बुधवार शाम 6 बजे थम गया। अब शुक्रवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वोटिंग होगी। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर वोट मांग सकते हैं।

चुनाव प्रचार थमने से पहले भाजपा-कांग्रेस ने जीत को लेकर पूरी जोर आजमाइश की। कांग्रेस के चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की ओर से श्रीकरणपुर से प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जीतने से पहले ही मंत्री बनाने का मुद्दा हावी रखा। पीसीसी चीफ डोटासरा के बयान पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की प्रदेश में बुरी तरह हार हुई है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को हार से सदमा लगा, जो अभी तक उतरा नहीं है। अब करणपुर की जनता ने भी स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि यहां भी कांग्रेस की हार होगी और कमल खिलेगा। मैं सोचता हूं कि हार का डर ही उनको सता रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीकरणपुर में पिछले 5 सालों में जिस तरह से थानों और दफ्तरों की दलाली हुई है। जिस तरह से नशे का कारोबार हुआ।

उन सब में जो लोग लिप्त थे, वो आज चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में जनता ने उनको नकार दिया है। श्रीकरणपुर की जनता ने तय कर लिया है कि श्रीकरणपुर में कमल खिलाना है। गौरतलब हैं कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने मंगलवार को श्रीगंगानगर में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि भाजपा की आदत है कि वह लोगों के लिए नहीं, सरकार में आने के लिए काम करती है। भाजपा जनादेश का सम्मान नहीं करती और अपनी बात थोप कर जनता को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

उसी के तहत टीटी को मंत्री बना दिया गया। हमारी आपत्ति यह है कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद कोई घोषणा नहीं की जा सकती, लेकिन भाजपा ने आचार संहिता का उल्लंघन कर जनता को ठेंगा दिखा दिया।

### प्रचार के आखिरी दिन भाजपा-कांग्रेस व अन्य पार्टियों ने लगाया जोर



### आप मंत्री ने की नुक्कड़ सभाएं

पंजाब सरकार के मंत्री लालजीतसिंह भुल्लर ने कहा है कि श्रीकरणपुर का चुनाव पूरे राजस्थान की राजनीति पर असर डालेगा। वे बुधवार को जिले के श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह चुनाव केवल श्रीकरणपुर का चुनाव नहीं है, यह पूरे प्रदेश की राजनीति पर असर डालने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को बिना जीते ही मंत्री बनाकर जो खेल खेला है, उससे साफ जाहिर है कि भाजपा और कांग्रेस इलाके में हारी हुई है। भुल्लर ने कहा कि 'आप' ईमानदार पार्टी है। श्रीकरणपुर सीट का चुनाव लोकसभा चुनाव पर असर डालेगा। पार्टी कैंडिडेट प्रतिपाल संधू ने खेती-किसानी के लिए संघर्ष किया है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। पार्टी कैंडिडेट संधू के पास आपके नहरी पानी की चाबी है, वे आपके हक के लिए लड़ेंगे।

### समस्याओं के समाधान का दिलाया विश्वास

आम आदमी पार्टी के कैंडिडेट पृथीपाल संधू ने कहा कि कांग्रेस जीती तो सरकार नहीं बना सकती, लेकिन अगर वे जीतते हैं तो इलाके की समस्याओं का समाधान जरूर करवाएंगे। उन्होंने कहा कि वे किसानों की समस्याओं को समझते हैं और उनके निराकरण के लिए संघर्ष करेंगे। रोड शो में श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष शंकर मेघवाल, आम आदमी पार्टी की महिला विंग की वीना चौहान सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। रोड शो जिस भी रोड से गुजरा पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गांव घमूड़वाली से रवाना हुआ रोड शो बींझबायला, पदमपुर, गजसिंहपुर इलाके से होते हुए केसरीसिंहपुर पहुंचा।

**केंद्र से आश्वासन के बावजूद हड़ताल जारी रखी,** लोग परेशान

# तीसरे दिन भी थमे रहे पहिए, चालक आज लौटेंगे काम पर

बेधड़क | जयपुर

केंद्र सरकार की ओर से लाए गए हिट एंड रन कानून को लागू करने से पहले चर्चा किए जाने का मंगलवार को आश्वासन मिलने के बावजूद बुधवार को भी प्रदेश सहित राजधानी जयपुर में हड़ताल का असर देखा गया। ड्राइवरों ने हिट एंड रन कानून को लेकर विरोध जताया और पूरे दिन अपने वाहनों का संचालन बंद रखा। तीन दिन की हड़ताल के बाद बुधवार शाम को ड्राइवरों ने काम पर लौटने का ऐलान किया है।

गौरतलब है कि मंगलवार रात को केंद्र सरकार और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की बैठक में हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने की सहमति बनी थी। इसके बावजूद ड्राइवरों ने सांकेतिक तौर पर बुधवार को चक्काजाम रखने का निर्णय किया था। इधर, राजधानी में सिटी बस, मैजिक टैंपों, ऑटोरिक्शा, ट्यूरिस्ट कारें आदि कॉमर्शियल वाहनों के पहिए थमे रहे। इससे आमजन को आवागमन के साधन नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा। जेसीटीएसएल बसों व मेट्रों में यात्रीभर अधिक देखा गया। लोगों ने निजी वाहनों का इस्तेमाल किया। इसके चलते जगह-जगह जाम की स्थिति पैदा हो गई।

### कॉमर्शियल वाहन रहे बंद, निजी वाहनों से शहर हुआ जाम



### नहीं चली मिनी बसें, ऑटो और टैक्सी

हड़ताल की चलते जयपुर शहरी क्षेत्र में संचालित होने वाली करीब 2000 मिनी बसें, करीब 20 हजार ऑटो रिक्शा, 50 हजार कार टैक्सी और करीब 2 हजार टाटा मैजिक का संचालन भी नहीं हो सका। सभी तरह के आवागमन साधनों के बंद रहने से राज्य सरकार की ओर से संचालित जेसीटीएसएल की लो-फ्लोर बसों पर यात्रियों का भारी दबाव बना रहा। बसों में भीड़ अिधक होने के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

"हिट एंड रन कानून के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। उम्मीद है सरकार इस कानून को लागू करने से पहले हमसे चर्चा करेगी। इसलिए हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

**दिलीप सिंह मेहरोली,** प्रदेशाध्यक्ष ऑल राजस्थान ट्यूरिस्ट कार एसोसिएशन, जयपुर।

"मुख्यमंत्री की पहल पर प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से कई दौर की वार्ता के बाद हड़ताल को खत्म करने का निर्णय लिया गया। सभी चालक-परिचालकों को इस संघर्ष में साथ देने पर धन्यवाद है। आज से सभी बसें नियमित रूप से संचालित हो जाएंगी।

**कैलाश चंद्र शर्मा,** अध्यक्ष बस आपरेटर एसोसिएशन, जयपुर संभाग

### संभागीय आयुक्त व कलेक्टर से वार्ता



कानून के विरोध में वाहन चालकों ने सुबह कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रदर्शन किया। इसके बाद संभागीय आयुक्त व कलेक्टर के साथ वार्ता में शामिल हुए। यह वार्ता संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषी अजेय मलिक की अध्यक्षता में ट्रक ऑपरेटर्स, मिनी बस ऑपरेटर्स, ट्यूरिस्ट टैक्सी ड्राइवर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के बीच हुई। संभागीय आयुक्त ने आश्वस्त किया कि वाहन चालकों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने यूनियन पदाधिकारियों से हड़ताल खत्म करने की अपील की। बैठक में जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि अभी इस कानून पर उच्च स्तरीय मंथन चल रहा है, नया कानून तुरंत लागू नहीं हो रहा है। अत: वाहन चालकों हड़ताल खत्म करें। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने नए कानून को लेकर अपने विचार भी रखे। संभागीय आयुक्त ने कहा कि यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता एवं सहमति के बाद इस कानून को लागू किया जाएगा। ऐसे में इस कानून को लेकर व्याप्त भय के माहौल को खत्म करने के प्रयास किए जाने चाहिए एवं अपने वाहन चालकों को काम पर लौटने के लिए निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि यूनियन पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एल.पी.जी., पेट्रोल-डीजल, दवाईयों सहित आमजन से जुड़ी अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैठक में पुलिस, परिवहन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**सीएस ने ली सभी** विभागों की बैठक

# अधिकारी ईमानदारी से काम कर सादगी के गुणों पर दें जोर



बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश में योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित कर इनका लाभ आमजन तक पहुंचाया जाए। मुख्य सचिव ने बुधवार को शासन सचिवालय में विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए आयोजित शिविरों में आमजन को योजनाओं का लाभ प्रदान करें तथा इसके लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं।

उन्होंने कहा कि समस्त जिला कलेक्टर जिलों में शिविरों का नियमित अवलोकन कर आमजन तक इनका अधिकाधिक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कड़ी मेहनत, ईमानदारी, विनम्रता और सादगी के गुणों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने समय की पाबंदी और अनुशासन का भी पालन करने को कहा साथ ही अपेक्षा व्यक्त की सभी अधिकारी पूर्ण समर्पण के साथ व्यापक जनहित एवं देश-प्रदेश के हित में कार्य करें। मुख्य सचिव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प अनुरूप ही विकसित राजस्थान के लिए कार्य योजना बनाई जाए एवं इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने समस्त विभागीय सचिवों को निर्देश दिए कि बड़ी योजनाओं की साप्ताहिक मॉनिटरिंग के साथ-साथ समयबद्ध रूप से प्रमुख लक्ष्यों को अर्जित करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आमजन के विकास कार्य संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता से पूर्ण हों। मुख्य सचिव ने विभागों में बेहतर समय प्रबंधन करने के लिए फाइलों का निस्तारण डिजिटल रूप से किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग कार्यों की समीक्षा के लिए डेशबोर्ड तैयार करें, जिससे कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करना आसान रहे। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय सूचनाओं को डिजिटल फॉर्मेट में तैयार रखा जाए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विभागीय उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

**आयुष मंत्रालय भारत सरकार** की पहल पर...

# NIA में किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में बुधवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजित हुआ। आयुष मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर 1 जनवरी को गुजरात में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था।

कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों के अंदर जागरूकता पैदा करना है।



सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के माध्यम से विश्व को हम यह संदेश देना चाहते हैं कि अगर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सही रखना है तो उसके लिए योग और आयुर्वेद बहुत महत्वपूर्ण हैं, जिसका हमें पालन करना होगा। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्रों एवं कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार किया। सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वस्थ वृत विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, डॉ सुमन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. काशीनाथ, डॉ. महेंद्र प्रजापति, डॉ. सर्वेश अग्रवाल, डॉ. पुनीत चतुर्वेदी सहित विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**शिक्षा सेवा नियम में संशोधन के** लेकर असमंजस

# गजट नोटिफिकेशन जारी करने की मांग

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान शिक्षा सेवा नियम-2021 में संशोधन का गजट नोटिफिकेशन जारी करने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

पदोन्नति संघर्ष समिति के मुकेश मीणा ने बताया कि राज्य सरकार ने दो साल पहले लागू हुए राजस्थान शैक्षिक सेवा नियम-2021 के तहत वरिष्ठ अध्यापक पदोन्नति में यूजी एवं पीजी असमान विषय वालों को राहत प्रदान की है, लेकिन अभी



तक संशोधन हुए नियम का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ हैं। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग में नए शैक्षिक सेवा नियम 2021 के कारण विगत तीन वर्षों से हजारों शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हो पा रही थी। सेवा नियम संशोधन के साथ उप प्राचार्य से प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए अनुभव में छूट, एग्रीकल्चर विषय में सीधी भर्ती योग्यता संशोधन से सभी को राहत मिली है। इन संशोधनों के होने से करीब 50 हजार शिक्षकों की पदोन्नति हो सकेगी। इस दौरान पदोन्नति संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकेश दौसा, कृष्ण सिंह बैंसला, महामंत्री विकास कुलारी, हेमंत जांगिड़, संध्या शर्मा, प्रेम सिंह मीणा, विश्वेंद्र सिंह, मनेन्द चंसोरिया सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहें।

**कोहरें को चीर कर गंतव्य तक पहुंचाई जा रही ट्रेनें**

# 881 रेलों में फॉग सेफ्टी डिवाइस लगाए, पटाखों का भी हो रहा उपयोग

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में इन दिनों पड़ रही कड़ाके की सर्दी के बीच कोहरे के मौसम से आमजन प्रभावित हो रहा है। वहीं रेल और हवाई यातायात भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में अब रेल सेवाओं को निर्बाध संचालित करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है।

उत्तर पश्चिम रेलवे जोन पूरी मुस्तैदी से रेल संचालन में सुरक्षा का दावा कर रहा है। उप रेलवे की ओर से सर्दियों में सुरक्षित रेल संचालन के विशेष इंतजाम किए गए हैं। उप रेलवे पर कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डों में चलने वाली समस्त रेलसेवाओं के लोको



पायलेट को फॉग सेफ्टी डिवाइस उपलब्ध करवाए गए है। बीकानेर और जयपुर डिवीजन में कोहरा ज्यादा पड़ने से यहां ज्यादा उपयोग हो रहा है। ये डिवाइस कोहरे को चीर कर ट्रेन को गंतव्य तक पहुंचा रहे हैं।

पूरे जोन में कुल 881 फॉग सेफ्टी डिवाइस उपलब्ध लगाए हैं। इसके साथ ही लोको पायलेट को सिग्नल एवं अन्य संकेतको की दृश्यता ठीक प्रकार से दिखे इसके लिए संकेतको पर दुबारा पेंटिंग एवं चमकीले साइन बोर्ड तथा संकेतको के पास गिट्टियों को चूने से रंगा गया है।

### ऐसे काम करता है फॉग सेफ्टी डिवाइस

रेलवे की ओर से धुंध और कोहरे वाले रेलखंड की जीपीएस मैपिंग कर दी गई है। फॉग सेफ्टी डिवाइस को इंजन पर लगा दिया जाता है, यह डिवाइस ऑन होने के बाद जीपीएस प्रणाली द्वारा उस खंड में स्थित सभी सिग्नलों की दूरी के बारे में लोको पायलेट को पूर्व में ही जानकारी मिलती रहती है। इससे लोको पायलेट रेल की स्पीड को नियंत्रित कर सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके साथ ही कोहरे वाले रेलखंडों के स्टेशनों, समपार फाटकों एवं पूर्व चिह्नित जगहों पर डेटोनेटर (पटाखे) की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### बढ़ाई जा रही है रेल लाइनों की निगरानी

कोहरे वाले रेलखंडों में सभी स्तर के कर्मचारियों के लिए सेफ्टी सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है तथा कम तापमान के दौरान रेल वेल्डिंग फेलियर की पहचान कर उनको रिपेयर किया जा रहा है। फिश प्लेटों का अनुरक्षण, ट्रेक रिन्यूअल जैसे कार्य पूरे किए जा रहे हैं। ऐसे खंड में पेट्रोलिंग की आवृति को बढाकर रेलपथ की निगरानी को बढ़ाया गया है। कोहरे के मौसम में सुरक्षा को सुदृढ करने के लिए रेलकर्मियों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था, निरीक्षकों, अधिकारियों की ओर से रेलवे स्टाफ की सजगता को लगातार चैक किया जा रहा है।

"सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के दौरान रेल संचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा को देखते उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष प्रंबध किए गए हैं। संरक्षित रेल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जीएम अमिताभ ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया है।

**कैप्टन शशि किरण,** मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।



## जरूरी खबर

### अस्थाई कब्जों पर कार्रवाई, सात ट्रक सामान जब्त



**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर के निर्देश पर व उपायुक्त सतर्कता एस के मेहरानियां के निर्देशन में सतर्कता शाखा ने बुधवार को मय पुलिस जाता के अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़ी चौपड़ से चांदपोल बाजार, चांदपोल गेट, खासा कोठी रैन बसेरे के पास, रेलवे स्टेशन सर्किल, भगवान दास रोड, स्टैचू सर्किल, सचिवालय से अतिक्रमण हटाया और मौके पर सात ट्रक सामान जप्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा करवाया। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि कोई भी नागरिक सार्वजनिक स्थलों, फुटपाथों, धार्मिक स्थलों पर अतिक्रमण कर आमजन की सुविधा को बाधित ना करें अन्यथा भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई के लिए निगम तत्पर रहेगा।

### आज से शुरू होगा जनसुनवाई, मुख्य सचिव भी जुड़ेंगे

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव के कारण बंद हुई जनसुनवाई अब फिर से शुरू होगी। नई सरकार बनने और मंत्रिमंडल बनने के साथ ही अब प्रशासन भी एक्टिव मोड पर आ गया है। जयपुर कलेक्टर ने अब जिले की सभी ग्राम पंचायत, उपखंड स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम फिर से शुरू करने के आदेश दिए हैं। इसकी शुरुआत गुरुवार से होगी। त्रिस्तरीय जनसुनवाई हर गुरुवार को होगी, जिसमें मुख्य सचिव सुधांश पंत भी जुड़ेंगे। जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने आदेश जारी करते हुए सभी उपखंड, विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में हर गुरुवार को जनसुनवाई करने के लिए कहा है। चार जनवरी को ग्राम पंचायत मुख्यालय या चिह्नित स्थल पर जनसुनवाई होगी। इसमें उपखंड अधिकारी और विकास अधिकारी और उपखंड स्तर के अधिकारियों को शामिल किया जाएगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


विधायक गोपाल शर्मा की पहल पर हेरिटेज महापौर का बड़ा फैसला

# दीपों से जगमग होंगे मंदिर, 22 को बंद रहेंगी मीट की दुकानें

■ विधायक ने निगम अधिकारियों को दिया 15 दिन का अल्टीमेट, क्षेत्र से गंदगी और अतिक्रमण हों साफ

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मीट की दुकानें बंद रहेंगी। बुधवार को सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा की पहल पर महापौर ने ये निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने के प्रयासों के तहत यह फैसला किया गया है।

सिविल लाइन विधायक ने मंगलवार को निगम मुख्यालय में हुई बैठक में शराब की दुकान और मीट की दुकान बंद रखने का प्रस्ताव रखा था, जिसे पर निगम अधिकारियों से चर्चा के बाद मीट की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए है। महापौर ने बताया कि शराब की दुकानों को बंद रखने का अधिकार निगम के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है, इसलिए शराब की दुकान हम बंद करने के लिए अधिकृत नहीं होंगे।



### विधायक शर्मा को मिला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र

वहीं सिविल लाइन्स विधायक डॉ. गोपाल शर्मा को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण पत्र मिला है। विधायक शर्मा ने बतौर पत्रकार श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन के दौरान लगातार अयोध्या से आंखों देखा हाल कवरेज किया था। इसी पर आधारित उनकी पुस्तक कार सेवा से कार सेवा तक काफी चर्चा में रही थी।

### गंदगी के पोस्टर्स लहराए

वहीं उन्होंने निगम कर्मचारियों के सामने सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में हो रही गंदगी के पोस्टर्स लहराए और महापौर को निगम कर्मचारियों के लिए इंदौर के महापौर और सफाई से जुडे कर्मचारियों से ट्रेनिंग दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन तस्वीरों से तो जयपुर सफाई में 100वें स्थान पर आएगा। उन्होंने निगम कर्मचारियों को सख्त हिदायत भी दी कि छोटे-मोटे कामों के एिल पैसे लेने की परंपरा छोड़ दें, आमजन के साथ निगम में न्याय होना चाहिए। निगम अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी से काम करें, वे उसे हर जगह सम्मान दिलाएंगे।

### मंदिरों में होगी विशेष सजावट, मनेगा दीपोत्सव

महापौर ने बताया कि 22 जनवरी के दिन जयपुर में दीपोत्सव भी मनाया जाएगा। इसके तहत शहर के सभी प्रमुख मंदिर और दरवाजों पर नगर निगम द्वारा रंगारंग रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इससे पहले पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि ऐतिहासिक दिवस को भव्य और यादगार बनाया जा सके।

सम्मेलन की तैयारियां पूरी, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी करेंगे शिरकत

# डीजी-आईजी बनेंगे पावणे स्वागत में सजी राजधानी

## अतिथियों का आना शुरू, तीन दिन रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में तीन दिन तक झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाली डीजी-आईजी सम्मेलन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

सम्मेलन में आने वाले अतिथियों के स्वागत के जगह-जगह रंगोली सजावट की गई है। वहीं यातायात पुलिस ने भी विशेष ट्रैफिक प्लान बनाया है। पांच से 7 जनवरी तक होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस मुखिया और केंद्रीय बलों के प्रमुख शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी इसमें शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि बुधवार को भी कुछ राज्यों के डीजीपी और आईजी शहर में पहुंच चुके हैं, जिन्हें विधानसभा के पास बने नवनिर्मित विधायक आवासों में ठहराया गया है।


फोटो: राजेश कुमावत

### 7 को कई परीक्षाएं, हेल्पलाइन नंबर जारी

पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मणदास ने बताया कि सात जनवरी को ही जयपुर में कई सेंटर पर सहायक आचार्य, लाइब्रेरियन और शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक भर्ती परीक्षा का आयोजन होगा। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच होगी। कई सेंटर वीआईपी मूवमेंट वाले रास्तों पर होंगे। ऐसे में इन सेंटर पर एग्जाम देने आने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय लेकर चलने की हिदायत दी गई है। साथ ही समानांतर रास्तों से आने की कोशिश करने के लिए कहा है। परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए ट्रैफिक हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए गए हैं। इनमें 1095, 0141-2565630, 0141-2561256 और वॉट्सऐप हेल्प डेस्क नंबर 8764866972 पर कॉल कर मदद ली जा सकती है। इस दौरान एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं के वाहनों की आवाजाही को नहीं रोका जाएगा।

### कई जगहों पर रोकना पड़ेगा ट्रैफिक

कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट से जेडीए चौराहा तक, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, भवानी सिंह रोड, 22 गोदाम सर्किल से राममंदिर, राजभवन तक, 22 गोदाम सर्किल से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक, सहकार मार्ग और पोलो सर्किल से विधायक आवास (विधानसभा के पास) तक के रास्ते पर वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा। इसके चलते इन रास्तों पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक को रोका जाएगा। जिन मार्गों से अतिथियों का काफिला गुजरेगा, उन सड़कों पर विशेष ध्यान रखा गया है। कई जगहों पर टूटी सड़कों को फिर से बना दिया है। वहीं, साफ-सफाई की व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी गई है। वहीं, पुलिस आयुक्त ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बुधवार रात 12 से बजे से सात तारीख तक अनवरत नाकाबंदी के निर्देश दिए है।

सीएम, डिप्टी सीएम ने सुनी कथा

# ‘भागवत सुनने से होता कर्तव्य बोध’



**बेधड़क** | जयपुर

विद्याधर नगर इलाके में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ मेहंदीपुर बालाजी के पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भागवत श्रवण करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भागवत कथा का पूजन कर प्रणाम किया और डॉ. नरेशपुरी महाराज को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। नरेशपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भागवत कथा में वे बिना निमंत्रण जाते हैं। वहीं, बालाजी महंत ने बताया कि भागवत कथा सुनकर मनुष्य को अपने कर्तव्यों का बोध होता है। बड़े सौभाग्य की बात है कि बहु प्रतीक्षित रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर आ गया है। उन्होंने सभी सनातनियों को इस महोत्सव की बधाई दी। उन्होंने बताया की 22 जनवरी को रामलाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का महाप्रसाद श्री बालाजी महाराज मंदिर, घाटा मेहंदीपुर में तैयार होगा और प्राण प्रतिष्ठा के दिन श्री राम मंदिर परिसर में वितरित किया जाएगा। मेहंदीपुर बालाजी से दो लाख लड्डू के पैकेट में भेजे जाएंगे। इस कार्यक्रम में पहुंचने वाले 5000 साधु संतों को कंबल भी मेहंदीपुर बालाजी की ओर से दिए जाएंगे।

मेहंदीपुर बालाजी में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी और पूरे नगर में एक लाख दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। मेहंदीपुर बालाजी की ओर से श्री मेहंदीपुर बालाजी रसोई 26 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। रामोत्सव के तहत अखंड रामायण पाठ एवं तीन दिवसीय 51 कुंडीय महायज्ञ किया जाएगा। गौरतलब है कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर सामाजिक सरोकारों में हमेशा अग्रणी रहा है, जिसमें यहां प्राथमिक से लेकर पीजी तक निशुल्क बालिका शिक्षा, शैक्षिक प्रोत्साहन के लिए यूनिफॉर्म, पठन-पाठन सामग्री, भोजन एवं आवास की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, यात्रियों को दोपहर की भोजन प्रसादी आदि की जाती हैं।

रामोत्सव के दूसरे दिन धार्मिक स्थलों की सफाई

## जोशी ने MD, राठौड़ ने JM में लगाई झाड़ू

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर निगम के रामोत्सव अभियान में बुधवार को शहर के धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में साफ सफाई कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकताओं ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाई। वहीं कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने झारखंड महादेव मंदिर में सफाई अभियान में भाग लिया। उन्होंने मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान शुरू किया। डॉ. सौम्या गुर्जर ने सांगा बाबा मंदिर में साफ-सफाई की। इसके बाद महापौर त्रिपोलिया हनुमान मंदिर, गुरुद्वारा, दिगंबर जैन मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के परिसर की सफाई की और इसके बाद परिसर में उन्होंने रंगोली भी बनाई। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हम सब के लिए उल्लास का विषय है।



तीनों में बनी सहमति, 9 से चलाएंगे अभियान

## अतिक्रमण पर चलेगा JDA-निगमों का ‘जुड़वां’ पंजा

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में हो रहे अवैध निर्माणों-अतिक्रमणों के खिलाफ जेडीए और नगर निगम ग्रेटर-हेरिटेज नौ जनवरी से संयुक्त अभियान शुरू कर कार्रवाई करेंगे। जेडीए मुख्यालय में हुई बैठक में जेडीए और दोनों निगमों में यह सहमति बनी है। बैठक में जेडीए आयुक्त जोगाराम, नगर निगम ग्रेटर आयुक्त बाबू लाल गोयल, नगर निगम हेरिटेज आयुक्त राजेंद्र सिंह, जेडीए सचिव नलिनी कठोतिया, मुख्य प्रवर्तन अधिकारी धर्मेन्द्र यादव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। आयुक्त जोगाराम ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेश के बाद जेडीए के चिंतन सभागार में संयुक्त कार्रवाई करने के लिए बैठक हुई। नौ जनवरी से जेडीए और नगर निगम ग्रेटर, हेरिटेज संयुक्त टीम गठित कर अवैध निर्माणों-अतिक्रमणों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। कार्यवाहियों की प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा की जाएगी। वहीं, जेडीए और नगर निगम ग्रेटर-हेरिटेज द्वारा संयुक्त रूप से अवैध निर्माणों-अतिक्रमणों का सर्वे करवाकर कार्रवाई की जाएगी। सर्वे टीम में जेडीए के मुख्य प्रवर्तन अधिकारी और नगर निगम ग्रेटर-हेररिटेज के सर्तकता शाखा के अधिकारी सदस्य होंगे। एक एसओपी बनाई जाएगी। ड्रोन सर्वे करवाकर संरक्षित किया जाएगा। अवैध मिट्टे खनन परन एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।




प्रचार में कमी के कारण परकोटे में जाम के हालात

# 1800 गाड़ियों की पार्किंग क्षमता, फिर भी बाजार में खड़े कर रहे वाहन

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में जाम के हालात नहीं बनें, इसके लिए परकोटे के पास तीन बड़ी भूमिगत पार्किंग का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनमें करीब 1700 चौपहिया वाहन एक साथ खड़े हो सकते है, लेकिन जानकारी के अभाव में ये तीनों पार्किंग स्थल आधे ही भर पाते है।

वहीं, परकोटे के बाजारों में सड़क पर वाहन खड़े होने से रोज जाम के हालात बन रहे हैं। बाजार में बनी पार्किंग में वाहनों को जगह नहीं मिलने से वे बीच सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा कर लेते हैं, जिससे अन्य वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और जाम के हालात हो जाते हैं। प्रशासन भी इस समस्या पर कोई ठोस समाधान नहीं कर पा रहा है। पर्यटन के पीक सीजन पर तो जाम के हालात इतने बुरे हो जाते हैं कि एक किमी सड़क पार करने में वाहनों को एक घंटे तक का समय लग जाता है। वाहन चालकों का कहना है कि उन्हें पार्किंग स्थल का ही नहीं पता है, इस कारण वे सड़क पर ही वाहन खड़ा करने को मजबूर रहते हैं।





### पीक सीजन में भी पूरी नहीं भर रही पार्किंग

शहर के सबसे समीप रामनिवास बाग में दो मंजिला भूमिगत पार्किंग में करीब 1000 चौपहिया वाहन एक साथ खड़े हो सकते हैं, जबकि चौगान स्टेडियम भूमिगत पार्किंग में करीब पांच सौ चौपहिया वाहन एक साथ खड़े हो सकते हैं। इसके बावजूद दोनों ही पार्किंग में अधिकतर समय करीब 50 प्रतिशत की जगह खाली रहती है। यहां, पार्किंग व्यवस्था सम्भाल रहे कर्मचारियों ने बताया कि पीक सीजन में भी पार्किंग पूरी नहीं भर रही है। वहीं, अन्य दिनों में तो वाहन बहुत कम आते हैं। कुछ ऐसी ही हालत चांदपोल अनाज मंडी पार्किंग की है। वहां पर भी करीब 300 वाहन खड़े होने की व्यवस्था है, फिर भी वाहनों की संख्या कम ही रहती है। रामनिवास बाग पार्किंग की व्यवस्था जेडीए तो चौगान स्टेडियम की व्यवस्था स्पोटर्स डिपार्टमेंट के पास है।

### चारदीवारी के लोगों की समस्या बरकरार

वहीं तीन बडी पार्किंग होने के बावजूद शहर में रहने वाले लोगों के वाहनों के पार्क होने की व्यवस्था अभी तक बनी हुई है। बाजार में भी सड़क पर सशुल्क पार्किंग के बावजूद वाहन चालकों को वहां जगह नहीं मिल पा रही है। पार्किंग को लेकर अधिकतम दो घंटे की बंदिश होने के बावजूद इसकी पालना नहीं की जा रही है। अनुबंधित फर्म के कर्मचारी दिनभर गाड़ियां खड़ी करवाते हैं। इनमें ज्यादातार दुकानदारों के वाहन ही शामिल हैं। इससे व्यवस्था चरमरा गई है।

### इसलिए भी नहीं जा रहे वाहन चालक

वाहन चालकों का कहना है कि अधिकतर टैक्सी चालकों को इन पार्किंग का पता ही नहीं रहता है। इस कारण वे सड़क पर ही वाहन खड़ा करने को मजबूर है। वहीं, बाहर से आने वाले अधिकतर पर्यटक बाजार में सिर्फ खरीदारी करने के लिए आते हैं। इस कारण पर्यटक चाहते हैं कि वे समय बचाने के लिए दुकानों के सामने ही वाहन से जाएं। वहीं, सड़क पर वाहन खड़ा करने पर यातायात पुलिस भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है। इससे कि जाम की स्थिति बनी रहती है।

**जरूरी खबर**

## सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करेगा अजमेर डिस्कॉम



**अजमेर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ने सोलर के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पंचशील स्थित मुख्यालय पर आमजन व उपभोक्ताओं के लिए कैंप लगाने का फैसला लिया है। यह कैंप गुरुवार को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक मुख्यालय पर लगाया जाएगा। इसमें आमजन व उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर के प्रति विस्तृत जानकारी मिलेगी। प्रबंध निदेशक एन. एस. निर्वाण ने बताया कि शिविर में रूफ टॉप सोलर विक्रेता भी मौजूद रहेंगे।

## 15 लाख रुपए का डोडा चूरा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने भीलवाड़ा में बिना नंबरी आल्टो कार से 15 लाख रुपए का डोडा-चूरा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना मांडल की टीम ने राय सिंह पुरा हाईवे पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक बिना नंबरी आल्टो कार को रोका गया तो उसमें प्लास्टिक के पांच कट्टों से 75 किलो डोडा-चूरा बरामद कर आरोपी चालक विनोद जाट निवासी सादी थाना गंगरार जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में कांस्टेबल गोपाल धाबाई, विजय सिंह, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा की विशेष भूमिका रही। वही टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत ने किया।

## कड़ाके की ठंड में नवजात को झाड़ियों में फेंका



**बूंदी।** जिले के देइखेड़ा थाना क्षेत्र के कोटाखुर्द गांव में बुधवार सुबह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक कलयुगी मां ने नवजात शिशु को झाड़ियों में फेंक दिया। कड़ाके की ठंड में नवजात शिशु को झाड़ियों में देख ग्रामीण हैरान रह गए। गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीणों को नवजात के बारे में पता चल गया। मौके पर पहुंची देईखेड़ा पुलिस और अस्पताल की टीम ने नवजात को अपने कब्जे में लिया और प्राथमिक उपचार के बाद कोटा के लिए रेफर कर दिया। नवजात के पड़े होने की सूचना सरपंच सुनील मीणा और समाजसेवी देवेंद्र गौतम ने पुलिस को दी। नवजात का जन्म कुछ घंटों पहले ही हुआ बताया गया।

### केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ली सांभर में नमक बनाने की प्रक्रिया और कारोबार की जानकारी

# पीएम ने दी है 10 करोड़ लखपति दीदी बनाने की जिम्मेदारी

**बेधड़क** | सांभर

केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह बुधवार को एक दिवसीय सांभर लेक दौरे पर आए।

सांभर में गिरिराज सिंह ने लखपति दीदी योजना को लेकर देश की महिलाओं को सक्षम बनाने की बात कही। इस दौरान गिरिराज सिंह ने सांभर साल्ट के अधिकारियों के साथ बैठक ली और नमक बनाने की प्रक्रिया और उसके गुणवत्ता को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नमक बनाने बनाने के तरीके और नमक कारोबार को लेकर अधिकारियों से



जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से महिलाओं को सक्षम बनाने की कई योजनाओं पर चर्चा की। इसी कड़ी में उन्होंने लखपति दीदी योजना को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ओर से महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने, उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने को लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने उनको लखपति दीदी योजना के तहत देश की 10 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की जिम्मेदारी दी है। इसकी शुरुआती फेज में ढाई करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने के लिए केंद्र सरकार प्रयास कर रही है। ऐसे में महिलाओं को नमक, तेल और हल्दी जैसे उत्पादों के जरिए सक्षम बनाने का काम किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि वे सांभर लेक से अच्छी गुणवत्ता का नमक सैंपल के तौर पर लेकर जाएंगे, ताकि बेहतर गुणवत्ता वाला नमक महिलाओं को उपलब्ध कराने का रास्ता साफ हो सके।

### सांभर झील का दौरा कर अधिकारियों से ली जानकारी

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सांभर साल्ट के अधिकारियों के साथ एक बैठक के बाद नमक बनाने की प्रक्रिया को समझा। इसके लिए उन्होंने सांभर झील क्षेत्र का दौरा भी किया। केंद्रीय मंत्री ने नमक की पैकिंग करने और नमक की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की, ताकि अच्छी गुणवत्ता वाला नमक महिला समूह बेच सके। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही लखपति दीदी योजना का लाभ उठा सकें। इस दौरान मीडिया से बातचीत में गिरिराज सिंह ने बताया कि करीब 6 हजार टन नमक तीन अलग-अलग खेप में जा चुका है और केंद्रीय संस्थाओं को महिला समुह संस्था से जोड़कर देश की महिलाओं को लखपति बनाने के प्रयास में यह काम आगे भी जारी रहेगा।

### मां शाकंभरी के दर्शन कर देश-प्रदेश के लिए मांगी खुशहाली

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां शाकंभरी के दर्शन करने के लिए भी पहुंचे। उन्होंने मां शाकंभरी के चरणों में शीश झुका कर देश और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। गिरीराज सिंह ने मां शाकंभरी के इतिहास को लेकर मंदिर में पुजारी से जानकारी भी ली। इस दौरान केंद्रीय मंत्री का पूर्व विधायक निर्मल कुमावत सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत भी किया।

### श्रीचिड़ियानाथ मठ के भंडारा महोत्सव में आए यूपी के मुख्यमंत्री

# धर्म सिर्फ सनातन, बाकी सब पंथ या संप्रदाय: सीएम योगी

**बेधड़क** | जोधपुर

धर्म केवल सनातन है बाकी सब पंथ या संप्रदाय हो सकते हैं। सनातन का धर्म का विराट स्वरूप है जो सबको अपने अंदर समाहित करता है। ये बात बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।

वे यहां पालासनी गांव स्थित मारवाड़ राजगुरु मठ सिद्ध श्रीचिड़ियानाथ आसन में ब्रह्मलीन योगी कैलाशनाथ महाराज का संख्या ढाल और दो दिवसीय भंडारा महोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान सीएम योगी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपरीत हालातों में अपनी परंपरा को कैसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए ये देखने के लिए दुनियाभर से लोग राजस्थान आते हैं। उन्होंने कहा कि रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हर राह मंजिल तक पहुंचती है।

बस हमें सही राह चुनने की जरूरत है। यह राह वही है जो हमारे संतों और योगियों ने हमें दिखाई है। सनातन धर्म का एक विराट रूप है, वो सबको अपने अंदर समाहित करता है। सनातन धर्म के मूल्यों के प्रति हम सबका आग्रह होना चाहिए। धर्म एक ही है और वो सनातन धर्म है, बाकी पंत और संप्रदाय हो सकते हैं। हर काल और हर परिस्थित में बिना झुके सनातन धर्म ने अपनी जीवंतता को बनाए रखा है। दुनिया में बहुत सारे लोग आए और चले गए, लेकिन सनानत धर्म सम और विषम हालातों का सामना करते हुए लगातार आगे बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि उस काल खंड में कुछ बाधाएं और कुछ चुनौतियां आईं होंगी। अगर, हमनें इन बाधाओं का सामना नहीं किया होगा तो उन्होंने हमें कुछ चुनौतियां दी होंगी, लेकिन जब हम एकजुट होकर निकल पड़े तो जीत होने में बहुत देर नहीं लगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। 22 जनवरी को 500 साल के इंतजार के बाद प्रभुराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इससे हर भारतवासी प्रसन्न हैं।



### देसी उत्पाद खरीदने का आह्वान

योगी ने सभा में मौजूद लोगों को कहा कि हमारे स्थानीय कामगारों को रोजगार मिले इसके लिए हमें विदेशी नहीं देशी उत्पाद खरीदने चाहिए। हम किसी को गिफ्ट दें तो विदेशी नहीं देशी उत्पादों को गिफ्ट करें। हम गुलामी की मानसिकता के साथ नहीं जी सकतें। क्योंकि दुनिया जब अंधकार में थी तब सब भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे थे। तब हमारे ऋषियों ने 'वसुदेव कुटुंबकम' का संदेश दिया था। हम श्रेष्ठ थे इसीलिए आर्य कहलाए, यह भाव किसी और के पास नहीं था, लेकिन आज हम अपने उसे परंपरा के प्रति गुलामी की मानसिकता के कारण बोलने में संकोच करते हैं।

### सीएम बना तब लिया प्रण

यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब मैं सीएम बना तो प्रण लिया था कि दीपावली तो अयोध्या में ही मनाउंगा। तब मुझे कई लोगों ने कहा यह क्या कर रहे हैं, कई लोग आपके खिलाफ हो जाएंगे। तब मैंने कहा भले ही लोग विरोध में हो जाए, हम तो प्रभु का काम करेंगे। आज देखिए 500 साल के बाद प्रभु श्रीराम अपने मंदिर में फिर से विराजित होने जा रहे हैं। आज वहां की दीपावली दुनिया देखती है। उन्होंने सभा में मौजूद साधु-संतो व आमजन को अयोध्या आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में जहां कहीं भी सनातन धर्म के अनुयायी हैं वे गौरवशाली परंपरा पर गौरवान्वित हो रहे हैं और दुनिया के अंदर हर दबी कुचली, शोषित सभ्यता परंपरा को एक नया जीवन मिला है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर बन सकता है तो दुनिया के अंदर सब कार्य संभव हो सकते हैं।

### 22 को मनेगी दिवाली: शेखावत

श्रीचिड़ियानाथ मठ में आयोजित सभा को केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को जब अयोध्या धाम में भगवान राम के मंदिर का लोकार्पण होगा, तब देश सदी की सबसे बड़ी दिवाली मनाएगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर जन-जन की आस्था का केन्द्र है। अयोध्या धाम में भगवान राम के मंदिर का निर्माण होना देश के लिए गर्व के क्षण है। इससे हर भारतवासी आज मन में आनंद का अनुभव कर रहा है।

### आकर्षण का केन्द्र बना पगड़ी महोत्सव

# तीर्थराज को पहनाई दो हजार मीटर लंबी पगड़ी, 52 घाटों पर दिखा उल्लास



**बेधड़क** | अजमेर

तीर्थों का राजा कहे जाने वाले पुष्कर सरोवर पर बुधवार को अनूठा नजारा देखने को मिला। सरोवर के 52 घाटों पर श्रद्धालुओं की उल्लास देखते ही बन रहा था। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन अजमेर शाखा की ओर से आयोजित पगड़ी महोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पुष्कर राज को दो हजार मीटर लंबी पगड़ी को अर्पित की गई।

52 घाटों पर सम्मेलन से जुड़ी महिलाएं, स्थानीय लोगों और तीर्थ यात्रियों ने पगड़ी को थाम कर इस अनूठे धार्मिक आयोजन में अपनी भागीदारी निभाई। पगड़ी महोत्सव पुष्कर आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। यह ऐसा अनूठा आयोजन है, जिसमें पुष्कर राज के प्रति अपनी आस्था प्रकट की जाती है। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से पगड़ी महोत्सव की शुरुआत वराह घाट से हुई। यहां से जयपुर घाट, ग्वालियर घाट होते हुए प्रत्येक 52 घाटों से लहरिया पगड़ी वापस वराह घाट तक पहुंची। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 52 घाटों पर 600 से अधिक लोगों ने पगड़ी को थामे रखा।

इसके बाद संकल्प पूर्ण कर पगड़ी को समेटते हुए वराह घाट पर पुनः एकत्रित कर पुष्पराज की विधिवत सामूहिक पूजा-अर्चना की गई। वराह घाट पर भगवान रघुनाथजी की सुंदर झांकी और भगवान का फूल और फ्रूट बंगला भी सजाया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की कई जिलों और राज्यों की शाखों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सम्मेलन की संयोजक अंबिका हेड़ा ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके लिए हम सब लोग काफी उत्साहित हैं। इस दिन पूरा देश राममय होगा और हर घर में दीपावली मनाई जाएगी।

### मंत्री बनने के बाद पहली बार जैतारण पहुंचे अविनाश गहलोत

# कांग्रेस राज से व्याप्त भ्रष्टाचार खत्म करना हमारी प्राथमिकता

**बेधड़क** | ब्यावर

प्रदेश की भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद अविनाश गहलोत बुधवार को पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र जैतारण पहुंचे। इससे पहले वे रास्ते में ब्यावर जिला मुख्यालय पर रुके। इस दौरान जगह-जगह उनका स्वागत किया गया।

ज्योतिबा फूले सर्किल पर माली समाज की तरफ से मंत्री गहलोत का स्वागत किया गया। इस दौरान गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फुले



की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां मीडिया से बात करते हुए मंत्री गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था, इसे खत्म करना भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। सरकार जीरो टोरेंस पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का सपना सबका साथ और सबका विकास है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में करेंगे शिरकत

# मुख्यमंत्री भजनलाल आज पाली दौरे पर

**बेधड़क** | पाली

जिले के सोजत विधानसभा क्षेत्र में गागुड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल भी शिविर में पहुंचेंगे।

वे यहां आमजन से मुलाकात कर केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करेंगे। साथ ही शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। भारतीय जनता पार्टी, पाली के जिला प्रवक्ता



त्रिलोक चोधरी ने बताया की केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन के हित में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत गुरुवार सुबह 11 बजे सोजत की गागुडा ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानने और समाधान के लिए अधिकारियो को निर्देशित करेंगे। प्रवक्ता चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री का प्रयास है कि सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ जरूरतमंदों को मिले। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार पाली आगमन उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार, सोजत विधायक शोभा चौहान, अभियान के संयोजक मोहन जाट, सहसयोजक त्रिलोक चौधरी, पूनम सिंह परमार, जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिवेदी, सोजत प्रधान ढोबली देवी, चाडवास मंडल अध्यक्ष जगदीश सिंह राजपुरोहित, मंडल महामंत्री हीरालाल कांठेड सहित अन्य जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारी में जूटे हुए हैं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल ने नागौर दौरे में कहा...

# देशवासियों तक पहुंचाया जाएगा योजनाओं का 100% लाभ

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा देशभर में चलाई जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनहितैषी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है।

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि यात्रा के दौरान कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित नहीं रहे, इसके लिए जन भागीदारी की भी आवश्यकता है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपने गांव-मोहल्ले के हर वंचित व्यक्ति को शिविरों के बारे



में जानकारी दें। सीएम भजनलाल बुधवार को नागौर के खिंयाला में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर के अवलोकन के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र में किए गए सभी वादों पर खरा उतरेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी हुई प्रत्येक गारंटी को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रदेशवासियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है। इसके लिए संकल्प पत्र में किए गए वादे के मुताबिक गैंगस्टरों एवं संगठनात्मक अपराधियों के विरूद्ध एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपरलीक व नकल संबंधी प्रकरणों की जांच के लिए सरकार ने एसआईटी का गठन कर दिया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में प्रदेश अग्रणी

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कई योजनाओं का लाभ देने में देश में अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य में अबतक 5300 से अधिक स्थानों पर शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा 65 लाख से अधिक प्रदेशवासियों ने शिविरों में हिस्सा लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से 1 लाख 51 हजार से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ किसानों तक पहुंचाकर राज्य देशभर में प्रथम स्थान पर है। शिविरों में करीब 31 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदेशवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य बीमा करवाया जा रहा है। शीघ्र ही इस योजना का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से आमजन को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर दवाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

### शिविर का अवलोकन कर आमजन से मिले

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं की स्टॉल पर पहुंचकर सम्पूर्ण जानकारी ली तथा लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को गैस-चूल्हे और पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चैक वितरित किए। इस दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व पोषण अभियान के तहत बालिका जन्मोत्सव मनाया गया तथा मुख्यमंत्री ने केक काटकर बालिका का मुंह मीठा करवाया।

# तलवार से हमले में युवक का हाथ शरीर से अलग

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले के भालता थाना क्षेत्र के महुआ खेड़ा गांव में बुधवार को आपसी विवाद में एक व्यक्ति ने अलाव ताप रहे दो युवकों पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले में एक युवक का हाथ शरीर से अलग हो गया, वहीं दूसरा युवक बीच-बचाव करते समय गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को अकलेरा से प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर किया गया।

भालता थाना के हेड कांस्टेबल लक्ष्मीनारायण ने बताया कि थाना क्षेत्र के महुआ खेड़ा में दो लोगों पर जानलेवा हमले की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल गोवर्धन और सतीश को 108 एंबुलेंस की मदद से अकलेरा चिकित्सालय पहुंचाया गया। दोनों की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों ने बताया कि गोवर्धन और सतीश गांव में बैठकर अलाव ताप रहे थे।

इसी दौरान टापरिया गांव निवासी मनोहर वहां अपनी बाइक से पहुंचा। आरोपी मनोहर ने अलाव ताप रहे युवक पर हमला कर दिया, जिसमें गोवर्धन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा युवक सतीश भी बीच-बचाव करने के दौरान घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि आरोपी मनोहर वारदात करने के बाद मौके से फरार हो गया।

## उपमुख्यमंत्री ने किया नेशनल स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

# पढ़ाई का प्रेशर हावी नहीं होने दें, लक्ष्य पर नजर रखो... तभी छू पाओगी आसमान

**सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 3 से 8 जनवरी तक चलेंगे मुकाबले**




**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने बुधवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि बेटियां अपने सपनों को पूरा करने में तन-मन से जुट जाएं।

लक्ष्यों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरुरत है इसके बाद आपको कोई अपना सपना पूरा करने से नहीं रोक पाएगा।

समारोह की मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए उन्होंने बेटियों से फॉलो योर ड्रीम्स का संदेश देते हुए कहा कि जीवन में दिल की बात सुनें। उन्होंने कहा कि आज नेशनल स्कूली स्पर्धा में टीमों का प्रतिनिधित्व कर रही बेटियों का 'गोल' कबड्डी खेलना और देश के लिए मैडल लाना है, इसे हमेशा अपने जेहन में याद रखें, ये ही खिलाड़ी आगे चलकर अपने करिअर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने में कामयाब होगीं।



### खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करें

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद बेटियों को स्ट्रेस फ्री रहते हुए निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बेटियां खेलों में नाम रोशन कर रही हैं।आप कभी इस बात का 'स्ट्रेस' नहीं ले कि खेलों में आगे बढ़ने की ख्वाहिश के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की कई बार पढ़ाई में कमी रह जाती है, खिलाड़ी इसका प्रेशर नहीं लें और अपने 'गोल' को याद रखते हुए निरंतर सफलता के पथ पर आगे बढ़ते रहे।

### खेलेगा इंडिया फिट बनेगा इंडिया

उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में युवाओं का आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में 'स्ट्रेस फ्री' जीवन जीने की बुनियाद रखने के लिए 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसे कार्यक्रमों से ही खेलों में सफलता और प्रगति का आदर्श माहौल बना है। यही वजह है कि आज हमारे खिलाड़ी इंटरनेशनल स्पर्धाओं में कामयाब हो रहे हैं और देश को गौरवांवित कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने समारोह में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और राजस्थान के ध्वजा लहराते हुए प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में बैंड की धुन पर मार्च पास्ट कर रही 29 टीमों की सलामी भी ली। मार्च पास्ट की अगुआई आंध्र प्रदेश की टीम ने की और मेजबान राजस्थान की टीम सबसे अंत में मंच के सामने से गुजरी।

### राजस्थान करेगा छह नेशनल स्पर्धाओं की मेजबानी

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने की। उन्होंने कहा कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की ओर से पूरे देश में अलग-अलग राज्यों में नेशनल स्कूली प्रतिस्पधाएं आयोजित करता है और गर्व की बात है कि इस बार एसजीएफआई ने हमें छह खेलों की स्कूली नेशनल प्रतियोगिताओं की मेजबानी का जिम्मा सौंपा है। दिसम्बर में बीकानेर में वेट लिफ्टिंग के बाद अब जयपुर में कबड्डी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता हो रही है। इसमें 26 राज्यों और तीन संगठनों सहित 29 टीमों के करीब 350 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आने वाले दिनों में सत्र 2023-2024 में कई और नेशनल स्कूली खेल स्पर्धाओं का राजस्थान में आयोजन होगा। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी, राजस्थान राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी गहलोत, क्रीड़ा भारती, राजस्थान के संयोजक मेघसिंह उपस्थित थे।

### यहीं से गुजरता है मेडल जीतने का रास्ता

दीया कुमारी ने कहा कि खेलकूद बच्चों में ओवरऑल डवलमेंट का एक तरीका है। ये गेम एक अग्रेसिव खेल है। अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने भी कबड्डी खेली है और खूब आनंद लिया है इस गेम का। उन्होंने कहा कि कबड्डी आज एशियाड के स्तर पर खेला जाता है और पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में यह ओलम्पिक का हिस्सा बनेगा। आज इस स्कूली स्पर्धा में भाग ले रही खिलाड़ियों में से ही कई आगे चलकर अच्छी खिलाड़ी बनेंगी और कबड्डी में देश के लिए विश्व स्तर पर मैडल जीतकर आएंगी।



## Yuva स्टोरीज



**स्पेशल नेशनल इंटीग्रेशन कैंप का हिस्सा बनीं उषा |**

**जैसलमेर।** मिश्रीलाल सांवल राजकीय कन्या महाविद्यालय, जैसलमेर की एनसीसी की कैडेट उषा पालीवाल लक्षद्वीप में होने वाले स्पेशल नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में भाग लेकर लौटी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक तंवर ने बताया कि एनसीसी के राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले कैंप का हिस्सा बनकर उषा ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इस कैंप में उषा का चयन बालिका शिक्षा में पिछड़े जिले की अवधारणा को बदलेगा। उन्होंने कहा कि उषा दूसरी बालिकाओं के लिए आदर्श बनेंगी। एनसीसी अधिकारी डॉ. छगन पंवार ने बताया कि कैंप में 16 राज बटालियन बाड़मेर यूनिट में उषा पालीवाल ने 22-31 दिसंबर तक करावती लक्षद्वीप में आयोजित कैंप में राजस्थान का प्रतिनिधत्व किया। कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रस्साकशी आदि में पहला स्थान प्राप्त किया। उषा पालीवाल ने राजस्थान में प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत कर लक्षद्वीप में देश भर से आए कैडेट्स को झूमने पर मजबूर किया।



**इग्नू बीएड प्रथम वर्ष की कार्यशाला शुरू**

**जयपुर।** इग्नू बीएड प्रथम वर्ष की कार्यशाला का प्रारंभ अध्ययन केंद्र 2366 आई आईईआरडी, सीतापुरा बीएड महाविद्यालय में हुआ। कार्यशाला प्रभारी डॉ. संजय केडिया, जयपुर क्षेत्रीय केन्द्र से आए सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. शेरसिंह मीणा एवं डॉ. राममूर्ति मीणा ने अभ्यार्थियों को कार्यक्रम की जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय की समस्त व्याख्याताएं मौजूद रहीं। कार्यशाला 12 जनवरी तक चलेगी।

## झुंझनूं की बेटी ईशा बनेगी नौसेना में लेफ्टिनेंट

# सपने पूरे करने के जुनून से पहुंची लक्ष्य तक

**बेधड़क | जयपुर**

कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों। इसी कहावत को सार्थक साबित किया है झुंझनु की बेटी ईशा बिजारणिया ने। वे कहती हैं, नौसेना में शामिल होना मेरा बचपन का सपना रहा है। छोटी थी तब नेवी अधिकारियों को वर्दी में देखती थी तो उनके जैसा ही बनने का जुनून पाल लिया था मन में। आज वो दिन आ भी गया, जब मेरा सपना साकार होता नजर आ रहा है। 19 वर्षीय ईशा का सलेक्शन भारतीय नौसेना में टेक्निकल ब्रांच में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है।




### गांव से निकल इस मुकाम तक पहुंची

पूरे देश से 9 छात्राओं का चयन हुआ है जिनमें से ईशा एक हैं। वे झुंझनू जिले के छोटे से गांव बेरला से ताल्लुक रखती हैं। एक जनवरी को ईशा को इस चयन के बारे में जानकारी मिली तो वे खुशी से झूम उठीं। भारतीय नौसेना के 'सेवा चयन बोर्ड' (SSB) की टेक्निकल ब्रांच ने वर्ष 2023 में 30 पदों के लिए भर्ती निकाली थी, जिनमें 9 पद महिलाओं के लिए सुरक्षित रखे गए थे। गौरतलब है कि इसके लिए देशभर से 3 लाख से ज्यादा युवाओं ने आवेदन किया था ।

### परिवार को गर्व है बेटी पर

विशाखापत्तन में पांच दिनों के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन हुआ। सलेक्शन से संबंधित सारी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद नौसेना की ओर से चयन सूची जारी की गई, तो ईशा की खुशी का पारावार नहीं रहा। ईशा के पिता अजीत सिंह बिरजाणिया जिला परिषद झुंझुनूं में IEC समन्वयक हैं और मां सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। उनका कहना है कि बेटी के नौसेना में जाने पर उन्हें गर्व है। अब 14 जनवरी से एशिया की सबसे बड़ी भारतीय नौसेना अकादमी (INA) एझिमाला, केरल में ईशा की ट्रेनिंग शुरू होगी।

**युवा सपने देखें और उन्हें जीएं**

ईशा कहती हैं, जिंदगी मुश्किलों का दूसरा नाम है। आसानी से सफलता कभी हासिल नहीं होती। इसलिए समस्याओं से भागे नहीं बल्कि उनका सामना करें। बस आगे देखते जाएं और चलते जाएं। सफलता आपके कदम जरूर चूमेगी। मेहनत से ही सब कुछ हासिल किया जा सकता है।

# वंचित वर्ग के युवा सीखेंगे IT के गुर, मिलेगा रोजगार

**जयपुर।** दो निजी संस्थानों ने शहर के युवाओं को आईटी स्किल्स सिखाने के उद्देश्य से 90 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस फ्यूचर स्किल एकेडमी में राजस्थान में युवाओं के लिए आईटी स्किल्स सिखाई जाएंगी।

जो उनके लिए रोजगार का जरिया बनेगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और इंजीनियरिंग से स्नातक (या तीसरे वर्ष के छात्र) इस 90 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं।



### आईटी में है रोजगार के अच्छे अवसर

भारत में आईटी के क्षेत्र में बड़ी मात्रा में युवाओं की डिमांड बढ़ी है। इसी जरूरत को देखते हुए और बाजार में भारतीय आईटी क्षेत्र में पिछले कुछ सालों में अच्छी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। इस आवश्यकता के आकलन और बाजार के अनुसंधान के बाद दोनों संस्थाओं ने उद्योग की कार्यबल की मांग और पूर्ति के बीच अंतर को पाटने के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया है। ये आईटी कोर्स युवाओं को डेटा साइंस, फुल-स्टैक डेवलपमेंट और सेल्सफोर्स में प्रशिक्षित करेगा। अब तक राजस्थान में कुल मिलाकर 7 कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिससे 5500 लोगों को लाभ मिला है।

**यूथ वर्ल्ड | नेट बन रहा नशा**

# खेलों से दूर इंटरनेट पर समय बर्बाद कर रही है नई पीढ़ी

**बेधड़क | जयपुर**

हाल ही में हुए एक सर्वे के नतीज बताते हैं कि 76 प्रतिशत लोग इंटरनेट और अन्य ऑनलाइन मीडिया पर समय बिताना पसंद करते हैं। यह रिपोर्ट भारत के कस्बों और गांवों में कालेज जाने वाले 11000 छात्र-छात्राओं के बीच मीडिया उपभोग की आदतों पर किए गए शोध का परिणाम है।

रेडिफ्यूजन के अध्यक्ष डॉ संदीप गोयल के अनुसार यूट्यूब और वॉट्सएप की प्रधानता उपयोग में उनकी सर्वव्यापकता को दर्शाती है। युवाओं पर यह अध्ययन समझने के लिए नए रास्ते खोलता है कि वे अपना समय कैसे व्यतीत करते हैं। किस माध्यम का उपभोग करते हैं। यह कॉरपोरेट निर्णय निर्माताओं को युवा ग्राहकों को उनके उत्पादों को बेहतर ढंग से समझने, निवेश की योजना में सक्षम बनाएगा।



### खेल के मैदानों से दूर हो गए बच्चे

हाल ही में देश के टियर टू और थ्री बाजारों एवं भीतरी इलाकों के गांवों से उपभोक्ताओं को ट्रैक करने के लिए रेडिफ्यूजन ने अपना टाइम आ गया शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट बताती है कि भारत में युवाओं द्वारा नष्ट किए जाने वाले समय पर अध्ययन में पता चला है कि उनकी खेलों में रुचि कम हो रही है। अब आलम ये है कि युवाओं की एक बड़ी आबादी अपने ना सिर्फ खाली समय बल्कि अपने अधिकांश समय का उपयोग सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर ही बिताना पसंद कर रही है। मात्र 24 प्रतिशत युवा ऐसे हैं जो अपने खाली समय में टेलीविजन देखना पसंद करते हैं। शेष 76 प्रतिशत लोग इंटरनेट और अन्य ऑनलाइन मीडिया पर समय बिता रहे हैं।

### लोगों को समाज से ही अलग थलग कर रहा सोशल मीडिया

अब हालात ये हैं कि लोग रूबरू मिलने की बजाए एकदूसरे के साथ सोशल मीडिया पर ही मिल रहे हैं। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में कार्यरत प्रो. संगीता कहती हैं कि भारत में युवाओं पर हमारे शोध के निष्कर्ष पुरुषों और महिलाओं के लिए बदलती प्राथमिकताओं और अवसरों के संकेत हैं। भारत में युवा इस तरह नष्ट करते हैं समय। केवल 18 प्रतिशत युवा सप्ताह के दिनों के साथ-साथ सप्ताह के अंत में भी दोस्तों और परिवार के साथ चार घंटे से अधिक समय बिताते हैं। भारतीय समाज का 87 प्रतिशत हिस्सा मनोरंजन या समाचार के लिए रेडियो का उपयोग नहीं करता।

**बुक्स की जगह स्क्रीन बन गई प्राथमिकता**

लगभग 70 प्रतिशत युवा यूट्यूब और वॉट्सएप को पसंद करते हैं। भारत में 70 प्रतिशत युवा कभी भी फेसबुक का उपयोग नहीं करते या बहुत कम करते हैं। यूट्यूब पसंदीदा मंच है। लगभग 23 प्रतिशत समाचार पत्र और पत्रिकाएं पढ़ते हैं। समय का सदुपयोग करने वाले युवा 16-25 वर्ष की आयु वाले 43 प्रतिशत युवा चार से आठ घंटे यूजी, पीजी कॉलेज या ट्यूशन में बिताते हैं। नेट पर वक्त बिताने वाले ये युवा घर के कामों को तवज्जो नहीं देते हैं, जिससे घर में तनाव का वातावरण बनता है।

# चिंतनीय है कफ सिरप के सैंपल्स की विफलता



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश की 54 दवा निर्माता कंपनियों के कफ सिरप के 128 सैंपल्स का गुणवत्ता में खरा नहीं उतरना वास्तव में चिंता का विषय होने के साथ ही किसी जघन्य अपराध से कम नहीं आका जाना चाहिए। मामला सीधे स्वास्थ्य से जुड़ा होने के साथ ही देश की अस्मिता को भी प्रभावित करने वाला है। दरअसल भारतीय दवा निर्माता कंपनियों द्वारा निर्यात किए जाने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर गाम्बिया में 70 बच्चों और उजबेकिस्तान के 18 बच्चों के कफ सिरप के कारण किडनी पर गंभीर असर होने से मौत होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह मुद्दा गंभीरता से उठ गया और ऐसे हालात में विश्व स्वास्थ्य संगठन ड्ब्लूएसओ ने गंभीर चिंता जताने में कोई देरी नहीं की। लाख सफाई देने के बावजूद इससे ना केवल देश की प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ा है अपितु भारत के दवा उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा होना पड़ा है। हांलाकि इस घटना के बाद भारत सरकार ने 1 जून, 2023 से ही देश से बाहर निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता व मानकों पर खरा होने का सरकारी प्रयोगशाला से परीक्षण कराकर विश्लेषण प्रमाण पत्र प्राप्त करना जरुरी कर दिया है। दर असल अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय दवा उद्योग का दबदबा होने के साथ ही वैक्सीन निर्माण, गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर उपलब्ध होना बड़ी उपलब्धता रही है। हमारे देश में बनी जेनेरिक दवाओं की तो अमेरिका सहित दुनिया के देशों में जबरदस्त मांग है। दरअसल देखा जाये तो भारतीय दवा उद्योग की विश्वव्यापी पहचान और धाक है।

कोरोना का उदाहरण हमारे सामने हैं जब अमेरिका द्वारा मलेरिया की दवा प्राप्त करने के लिए भारत पर दबाव बनाया गया वहीं दुनिया के देशों को सर्वाधिक कोरोना वैक्सिन उपलब्ध कराने में भारत की भूमिका को समूचे विश्व द्वारा सराहा गया। ऐसे में कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर उठाया गया प्रश्न चिन्ह ना केवल चिंता का प्रष्न है अपितु विष्वसनीयता को भी प्रभावित करता है। दवाओं के निर्यात में भारत की भूमिका को इसी से देखा जा सकता है कि भारत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 17.6 बिलियन डालर के तो केवल कफ सिरप का निर्यात किया गया। दुनिया के देशों की टीकों की मांग की 50 प्रतिशत पूर्ति हमारे देश द्वारा की जा रही है। अमेरिका में जेनेरिक दवाओं की 50 प्रतिशत मांग को हमारे यहां से किया जा रहा है। इंग्लैण्ड में दवाओं की मांग की 25 प्रतिशत पूर्ति भारत द्वारा की जा रही है। समूचे विश्व में भारतीय दवाओं की मांग है। इसका एक कारण गुणवता है तो दूसरी और तुलनात्मक रुप से सस्ती होना भी है। ऐसे में कफ सिरप के कुछ सैंपलों का गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरने की रिपोर्ट भारत सरकार गंभीर हो गई। पर सवाल यह उठता है कि ऐसे हालात ही क्यों आएं? आखिर निर्यात करने वाली दवा कंपनियों का भी दायित्व होता है। जब कोई वस्तु विशेष में निर्यात की जाती है तो गुणवत्ता मानकों पर खरी हो यह तो सुनिश्चित किया जाना जरुरी हो जाता है। वैसे भी दवा जीवन रक्षक होती है अगर यह जीवन रक्षक दवा ही जीवन लेने का कारण बन जाती है तो यह गंभीर अपराध हो जाता है।

*“कपंनियों को भी अपनी प्रयोगशाला को अधिक आधुनिक व इंटरनेशनल मानकों की बनानी होगी ताकि इस तरह की हालात ही ना आयें। किसी के खांसी होती है तो उसके साथ जो बितती है वह वह और परिवार वाले ही जानते हैं। ऐसे में दवा असरकारक नहीं होती तो कितनी परेशानी होती है। दवा चाहे खांसी की हो या किसी सामान्य बीमारी की, गुणवत्ता में खरी होनी ही चाहिए। इसे सरकार को जहां सुनिश्चित कराना होगा।”*

कोई दो राय नहीं कि भारत सरकार गुणवत्ता को लेकर और अधिक गंभीर हो गई है पर सैंपल जांच के जो परिणाम प्राप्त हुए हैं यह अपने आप में गंभीर हो जाते हैं। प्राप्त सरकारी आंकड़ों के अनुसार केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन संस्थान द्वारा विभिन्न कंपनियों के कफ सिरप के ग सैंपल्स का परीक्षण किया गया, इनमें से 54 कंपनियों के 128 सैंपल्स गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। अब कहा यह जा रहा है कि केवल 6 प्रतिशत सैंपल्स विफल रहे हैं पर सवाल 6 प्रतिशत का नहीं है। यह सफाई भी नहीं दी जा सकती क्यों कि सैंपल तो एक भी विफल होता है तो वह किसी की जान लेने का कारण बन सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही गुजरात के 385 सैंपल्स में से 20 कंपनियों के 51 नमूने खरे नहीं उतरे। इसी तरह से मुंबई के 523 सैंपल में से 10 दवा निर्माता कंपनियों के 18 सैंपल्स विफल रहे। चंडीगढ़ के 284 सैंपल्स में से 10 कंपनियों के 23 और गाजियाबाद के 502 सैंपल्स में से 9 कंपनियों के 29 सैंपल्स गुणवत्ता पर खरे नहीं उतरे। सवाल यह है कि यह तो गुणवत्ता मानकों की जांच से सामने आया है और यह तो तब है जब दवा निर्माता कंपनियों का अपना परीक्षण का सेटअप होता है। इससे यह भी साफ होता है कि दवा निर्माता कंपनियों की प्रयोगशालाएं गुणवत्ता जांच को लेकर उतनी गंभीर नहीं है जितनी गंभीरता होनी चाहिए। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि देष में नकली दवाओं का व्यापार भी खूब फल फूल रहा है। सवाल यह भी उठता है कि कफ सिरप की मांग और उपयोग का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि सर्दियों में कफ सिरप की मांग बहुत अधिक बढ़ जाती है। वहीं कुछ कफ सिरप का उपयोग तो नषे की मांग को पूरा करने के लिए भी उपयोग की चर्चा भी आम है। केन्द्र सरकार का कहना है कि सरकार द्वारा 125 से अधिक कंपनियों का जोखिम आधारित विश्लेषण किया गया जिसमें से 71 कंपनियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया है। 18 कंपनियों को बंद करने के नोटिस दिए गए हैं। इसे सरकार की सकारात्मक पहल माना जा सकता है पर जो कुछ किया जा रहा है वह नाकाफी हैं। सरकार को कड़े कदम उठाने ही होंगे। कंपनियों को बंद करना इसका कोई ईलाज नहीं हो सकता। कल यही किसी दूसरे नाम से कंपनी बनाकर सामने आ जाएंगे। वैसे भी नकली दवा बनाना या गुणवत्ता मानकों में दवाओं का विफल रहना किसी क्रिमिनल अपराध से कमतर नहीं माना जाना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## रिप्रोडक्टिव हेल्थ जर्नल की रिपोर्ट

# दुनियाभर में वर्जिनिटी इतनी अहम क्यों!



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

*“वर्जिन ब्राइड तमाम दुनिया के मर्दों को चाहिए। यूएन वुमन की चौंकाने वाली रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में प्रतिवर्ष सात करोड़ से अधिक महिलाएं वर्जिनिटी टेस्ट से गुजरती हैं। बता दें, बॉलीवुड की फिल्म ‘वर्जिन भानुप्रिया’ की अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के मुताबिक, महिलाओं के बीच वर्जिनिटी के मुद्दे पर अभी भी दोहरे मापदंड हैं। उनका मानना है कि अगर कोई लड़की अपनी वर्जिनिटी खो देती है तो उस पर पारिवारिक या सामाजिक दबाव नहीं बनाना चाहिए।”*

आज भी पितृसत्तात्मक समाज में एक लड़की की वर्जिनिटी उसकी उपलब्धियों और वजूद से कहीं ज्यादा मायने रखती है। लड़की शादी तक वर्जिन है तो संस्कारी, सुशील... नहीं तो, समाज के पास विशेषणों की कमी नहीं है। विशेषज्ञ मानते हैं कि हनीमून को दुनियाभर में विर्जिनिटी टेस्ट का एक तरीका मानना पूरी तरह गलत है। रिप्रोडक्टिव हेल्थ जर्नल की रिपोर्ट साबित करती है कि ब्लीडिंग वर्जिनिटी का पैमाना है ही नहीं, क्योंकि हाइमन टूटती नहीं है, स्ट्रेच होती है। विशेषज्ञ कहते हैं कि वर्जिनिटी को हाइमन से जोड़कर देखना पूर्णतः गलत है। यह परत केवल शारीरिक संबंधों के अलावा टैंपोन, व्यायाम, साइकिलिंग, तैराकी, घुड़सवारी आदि से स्ट्रेच हो जाती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वर्जिनिटी का प्राइवेट पार्ट के आकार से भी कोई संबंध नहीं है। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में वर्जिन का अर्थ है ओरिजनल, पवित्र या अनछुआ यानी कि जो अपने प्राकृतिक रूप में हो। अगर बायोलॉजिकली बात करें तो हाइमन एक पतले से टिश्यू की माफिक परत होती है। यह विडम्बना ही है कि दुनिया के 42 फीसदी देशों में आज भी वर्जिनिटी टेस्ट जारी है। यह परीक्षण नौकरी, स्कॉलरशिप, शादी और जांच के नाम पर अलग-अलग तरीकों से किए जा रहे हैं। वर्जिनिटी टेस्ट कैसे की जाए, इसकी खोज 1898 में की गई थी। इस टेस्ट को दो उंगलियों का परीक्षण भी कहते हैं। यह दुखद है कि इस टेस्ट से रेप पीड़िता का भी परीक्षण किया जाता है। अलबत्ता, इस टेस्ट के परिणामों की सटीकता हमेशा से शक के घेरे में रही है।

इस टेस्ट के संबंध में साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह टेस्ट रेप विक्टिम को उतनी ही मानसिक पीड़ा पहुंचाता है, जितना दुष्कर्म। विश्व स्वास्थ्य संगठन तो वर्जिनिटी टेस्ट को बेबुनियाद घोषित कर भी चुका है। इस मामले को लेकर डब्ल्यूएचओ, यूएन ह्यूमन राइट्स और यूएन वुमन जैसे कई संगठनों ने ग्लोबल अपील भी जारी की थी कि वर्जिनिटी टेस्ट महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन है और हर देश में कानून बनाकर इसे प्रतिबंधित किया जाए। हालांकि, बीते कुछ समय में इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की जैसे देशों ने इसे गैर-कानूनी घोषित कर दिया है, लेकिन ज्यादातर देशों में इसे लेकर कोई ठोस कानून नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का तर्क है कि ऐसी जांच निजता का हनन है। उनका कहना है कि यह महिला को एक जीवित देह नहीं मान, पैक सामान मानने जैसा है।

भारत के संविधान में अनुच्छेद 21 में भी इस बात का उल्लेख है कि भारत में कानून द्वारा स्थापित किसी भी प्रक्रिया के अलावा कोई भी व्यक्ति, किसी अन्य व्यक्ति को उसके जीवित रहने के अधिकार और निजी स्वतंत्रता से वंचित नहीं कर सकता। क्या कौमार्य जांच बड़ा लैंगिक भेदभाव नहीं है? क्या यह मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है? क्या यह अवैज्ञानिक नहीं है? अगर एक लड़का यह जानना चाहता है कि उसकी पार्टनर वर्जिन है या नहीं? तो एक लड़की को भी यह जानने का अधिकार हो कि उसका पार्टनर भी वर्जिन है या नहीं? बॉलीवुड की फिल्म ‘वर्जिन भानुप्रिया’ की अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के मुताबिक, महिलाओं के बीच वर्जिनिटी के मुद्दे पर अभी भी दोहरे मापदंड हैं।

उनका मानना है कि अगर कोई लड़की अपनी वर्जिनिटी खो देती है तो उस पर पारिवारिक या सामाजिक दबाव नहीं बनाना चाहिए। आधुनिक युग में शादी से पहले पुरुष दोस्तों से संबंध, लिव इन रिलेशनशिप, रेप आदि की वजह से कई लड़कियों की शादी में रुकावटें आती हैं। अगर शादी के बाद पता चलता है कि लड़की की वर्जिन नहीं है तो शादी टूटने तक की नौबत भी आ जाती है। यही वजह है कि महिलाएं हाइमन के टूटने को लेकर तनाव में रहती हैं। मिस्र के गीजा में हुए एक सामाजिक अध्ययन में शामिल ज्यादातर महिलाओं ने बताया कि प्रथम रात्रि में वे बहुत तनाव में थी। उन्हें बहुत घबराहट हुई और बाद में भी वे सामान्य न हो सकीं। इसकी वजह हाइमन को लेकर फैले मिथक थे। साल 2017 में लेबनान में हुए एक अध्ययन में शामिल 416 महिलाओं में से लगभग 40 प्रतिशत ने भी ऐसा ही कुछ बताया।

जब भारतीय पुरुषों की एक सर्वे में तब रूढ़िवादी सोच उभर आई जब उनसे पूछा गया कि उनकी जीवन साथी की वर्जिनिटी क्या अहम है? इस पर 77 फीसदी पुरुषों का साफ कहना था कि अगर लड़की कहे कि उसने शादी से पहले यौन संबंध बनाए हैं, तो वे उससे हरगिज शादी नहीं करेंगे। हालांकि मेडिकल साइंस बहुत आगे बढ़ गई है। पुरुषों की रूढ़िवादी सोच के चलते लड़कियां अब हाइमेनोप्लास्टी सर्जरी का सहारा ले रही हैं। पिछले दशक में देश में हाइमेनोप्लास्टी की मांग में लगातार वृद्धि हुई है। यह सर्जरी सिर्फ उच्च श्रेणी की लड़कियां ही नहीं, बल्कि मिडिल क्लास की लड़कियां भी करा रही हैं। एक चिकित्सीय संस्थान द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार लड़कियां यह सब मजबूरन कराती हैं ताकि उनके वैवाहिक जीवन में कोई परेशानी न आए।

डॉक्टरों के अनुसार, इसके अलावा फेक ब्लड कैप्सूल, पाउडर और जेल क्रीम की ऑनलाइन भरमार है और सफेद झूठ पर खड़ा है यह 14 हजार करोड़ का व्यापार। दिल्ली विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र की प्रोफेसर नंदिनी सुंदर इसे काफी नकारात्मक चलन के रूप में देखती हैं। वे सवाल करती हैं, अगर पुरुषों की वर्जिनिटी को लेकर कोई परेशानी नहीं है तो महिलाओं को इसे छिपाने की क्या जरूरत है। कोई भी वैज्ञानिक प्रगति महिलाओं की भलाई के लिए होनी चाहिए, न कि उनके शोषण के लिए। समाजशास्त्री सामिया एलुमी कहते हैं कि हम आधुनिक समाज में रहने का दावा करते हैं, लेकिन यह आधुनिकता महिलाओं के यौन संबंधों से जुड़ी आजादी में नहीं दिखती। अब समय आ गया है कि महिलाएं अपने देह की कमान अपने हाथों में लें और पुरुष उदारता का परिचय दें। आज जब दुनिया भर में सरकार वर्जिनिटी टेस्ट और हाइमन सर्जरी पर रोक लगा रही है तो शिक्षकों के लिए भी यह अच्छा होगा कि वे इन प्रतिबंधों के पीछे के तर्कों को क्लास रूम तक ले जाएं और युवाओं को जागरूक करें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**




## व्यंग्य

# चर्चा में बने रहने का हुनर...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

जो शख्सियत चर्चा में बने रहने का हुनर जानती है, लोकतंत्र की राजनीति में उसी को राजयोग फलित होता है। जनता-जनार्दन अच्छे से अच्छे का अच्छा से अच्छा काम भी एन मतदान के समय भूल जाती है। उसे तो बस जो नाम उसके सर पर सवार होता है, उसी की सवारी कर लिया करती है। लोकतंत्र की राजनीति में यही सब कुछ होता आया है। यही कारण है कि स्थानीय से लेकर ठेठ राष्ट्रीय स्तर तक के नेता आए दिन उलजुलुल बयान देते हैं । या ऐसा कोई भाषण देते हैं, जो कि जनमानस में उथल-पुथल मचा दें और तमाम विरोधियों को इतना उद्वेलित कर देवें कि वह आपा खो बैठे। और हां, किसी बयान पर बवाल मच जाए, तो बड़ी आसानी के साथ उगले गए शब्दों को वापस लिया जा सकता है या खेद प्रकट कर दिया जाता है। बस,बात खत्म।

वैसे भी दो और दो चार तो जमाना कहता है, लेकिन ऐसे सवाल पर तीन-पांच करने से राजनीति में चुंबकीय आकर्षण से युक्त व्यक्तित्व का निर्माण होता है। व्यापार की दुनिया में बाजार का नियम है कि जो दिखता है वह बिकता है। यही नियम राजनीति में भी लागू होता है। जो छपता है, वह छा जाता है। जो छा जाता है, जनता को बार-बार याद आता है। तमाम तरह के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सनसनीखेज बातों के पीछे दीवाना हुआ करता है।

राजनीति से इतर जितने भी क्षेत्र हैं -उसके सितारे बहुत ही नापतोल कर बयान देते हैं या फिर मीडिया से कन्नी काट जाते हैं। लेकिन जो नेता होते हैं, वे भूल कर भी कभी मीडिया को निराश नहीं किया करते। हमारे देश-प्रदेश में कुछ नेता तो अनर्गल प्रलाप के चलते ही मीडिया की पहली पसंद बने हुए हैं। राजनीति में सक्रिय रहने वाला जीव येन-केन-प्रकारेण मीडिया की नजरों में निरंतर बना रहना चाहता है। मजा तो तब है जब वह पुरजोर तरीके से दो और दो के सवाल पर तीन-पांच करने लगे। आजकल की राजनीति में सार्वजनिक मंच पर जनता के हुजूम के सम्मुख ऐसे-ऐसे राग अलापे जाते हैं, जिसके हाथ-पैर नहीं हुआ करते। आए दिन नेता लोग किसी न किसी बात पर सुरसुरी छेड़ कर प्रतिक्रियाओं का मजा लिया करते हैं। राजनीति में चाहे नीति और सिद्धांतों के प्रति रत्ती भर प्रतिबद्धता नहीं हो, लेकिन वाकपटु होना जरूरी है।

यही कारण है कि कभी-कभी कोई नेता कड़वी से कड़वी बात को चाशनी में डुबोकर कुछ इस तरह कह देता है कि दादा कोंडके की याद आ जाती है। वैसे भी आजकल की राजनीति में जब करने को कोई काम नहीं हो, तो बाल की खाल निकालते हुए अपनी उपस्थिति का भान जमाने को कराया जाता है। यदि किसी नेता के बयान लगातार लोगों की नजरों में नहीं आते हैं, तो सब नहीं - लेकिन कुछ ऐसा समझ बैठते हैं कि शायद वे गुजर गए हो। या कि उनका समय उनके साथ चला गया हो। एक प्रकार से नेताओं का अनर्गल प्रलाप जनता को उनके होने का बोध कराता है। कभी-कभी कुछ तो भी बोलने के भी अनेक फायदे हुआ करते हैं। उससे ऐसा लगता है कि भैया क्या दार्शनिक अंदाज में बात करते हैं ! समझ में तो नहीं आता कि वह क्या कहते हैं, लेकिन जब भी वह कुछ कहते हैं तो सच मानो कि मजा आ जाता है।

## गीतकार नीरज का जन्मदिवस

# ‘थोड़े से सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरता’




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*साल 1942 में दिल्ली में एक कवि सम्मेलन था, नीरज की जब बारी आई, तो उनके गीत और आवाज़ का कुछ ऐसा जादू हुआ कि श्रोता वंस मोर-वंस मोर चिल्लाने लगे।*

गीतकार, कवि गोपाल दास ‘नीरज’ का नाम हिन्दी के उन कवियों में शुमार किया जाता है, जिन्होंने मंच पर कविता और गीतों को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। उनकी आवाज़ और गीतों का जादू श्रोताओं के सिर चढ़कर बोलता था। जब वे अपनी विरल स्वर लहरी में गीत पढ़ते, तो सुनने वालों के ज़ेहन पर नशा सा तारी हो जाता। श्रोता मदहोश हो जाते। भाव अतिरेक में झूमने लगते। ज्यों-ज्यों नीरज के गीतों को सुनते, उनकी प्यास और भी ज़्यादा बढ़ती जाती। शंहशाहे-तरन्नुम शायर जिगर मुरादाबादी तक नीरज की आवाज के शैदाई थे।

देहरादून के एक मुशायरे में, जिसकी सदारत जिगर मुरादाबादी ख़ुद कर रहे थे, जब उन्होंने नीरज की कविता सुनी, तो एक के बाद एक उन्होंने उनसे उनकी तीन कविताएं पढ़वाईं और हर कविता के बाद नीरज की पीठ ठोककर यह कहा, ‘‘उम्रदराज़ हो इस लड़के की। क्या पढ़ता है, जैसे नगमा गूंजता है।’’ जिगर साहब की दुआओं का ही असर था कि नीरज लंबे समय तक जिए और अपने नगमों से लोगों का मनोरंजन और उन्हें जीवन की नई सीख देते रहे। एक दौर ऐसा भी रहा, जब नीरज का नाम कवि सम्मेलन के सौ फ़ीसदी कामयाब होने की गारंटी माना जाता था। सात दशकों तक वे लगातार कवि सम्मेलन मंचों पर छाए रहे। उनको सुनकर देश की चार पीढ़ियां जवान हुईं। जब नीरज नवीं कक्षा के छात्र थे, तब उन्होंने अपनी पहली कविता कवि सोहन लाल द्विवेदी की अध्यक्षता में एटा के कवि सम्मेलन मंच पर पढ़ी और यह सिलसिला ज़िंदगी के आख़िर तक जारी रहा। कवि सम्मेलनों की वे आन, बान और शान थे। उनकी मौजूदगी भर से मंच की गरिमा बढ़ जाती थी। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के पुरवाली गांव में 4 जनवरी, 1925 को जन्मे नीरज की शुरुआती ज़िंदगी काफ़ी संघर्षपूर्ण रही। बचपन में ही उनके सिर से पिता का साया छिन गया। जीवनयापन के लिए पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने कई छोटी-मोटी नौकरियां कीं। मेरठ और अलीगढ़ के कॉलेज में हिन्दी विभाग के प्राध्यापक भी रहे। लेकिन उनका जी गीतों में ही बसता था। साल 1942 में दिल्ली में एक कवि सम्मेलन था, नीरज की जब बारी आई, तो उनके गीत और आवाज़ का कुछ ऐसा जादू हुआ कि श्रोता वंस मोर-वंस मोर चिल्लाने लगे। उसके बाद उन्होंने और भी कई कविताएं और गीत सुनाये और सबका समान असर हुआ। इस कवि सम्मेलन के बाद, उनकी मक़बूलियत पूरे मुल्क में फैल गई। थोड़े से ही अरसे में वे हरिवंश राय बच्चन, गोपाल सिंह ‘नेपाली’, बलबीर सिंह ‘रंग’, देवराज दिनेश, रामअवतार त्यागी, बालकृष्ण शर्मा ‘नवीन’, वीरेन्द्र मिश्र, रामधारी सिंह ‘दिनकर’ जैसे अग्रिम पंक्ति के गीतकारों में शामिल हो गए।



साल 1944 में शिमला में गांधी-जिन्ना सम्मेलन के बाद नीरज ने एक गीत लिखा, ‘आज मिला है गंगा जल, जल दमदम का।’ ज़ाहिर है कि अपने अलग तरह के भाव और विचारभूमि के चलते गीत काफ़ी लोकप्रिय हुआ। यह गीत जब वे दिल्ली के एक कवि सम्मेलन मंच पर पढ़ रहे थे, तो उनका यह गीत सुनकर मशहूर शायर हफ़ीज़ जालंधरी, जो कि उस वक्त ‘साइंस पब्लिसिटी ऑर्गेनाइजेशन’ में डायरेक्टर थे, बहुत मुतास्सिर हुए।

नीरज ने 93 साल की लंबी ज़िंदगी जी, सैकड़ों अर्थपूर्ण गीत लिखे और अपने गीतों से पाठको और श्रोताओं को नये संस्कार दिए। नीरज आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका एक नहीं, अनगिनत गीत ऐसे हैं जो श्रोताओं और पाठकों के ज़ेहन में कल भी ज़िंदा थे, आज भी ज़िंदा हैं और आगे भी रहेंगे। ‘‘चुप-चुप अश्क बहाने वालो/मोती व्यर्थ लुटाने वालो/कुछ सपनों के मर जाने से/जीवन नहीं मरा करता है।’’

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
भगवान निरंतर आपके द्वार पर प्रवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं - बशर्ते आप आवश्यक स्थान की अनुमति दें।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
भक्ति का भाव भी ईश्वर सबको नहीं देते, जिसको मिला है उसका सौभाग्य है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
शुद्ध प्रेम पोशाक (शरीर) के आकार या रंग से परे जाकर भीतर की चिंगारी - आत्मा से जुड़ने के बारे में है! और माता-पिता ऐसा बिना किसी शर्त के करते हैं!

प्रवर्तन निदेशालय के समन पर सियासी घमासान: भाजपा और आप ने एक दूसरे पर किया प्रहार

# तीसरे समन की भी अनदेखी, ईडी के समक्ष नहीं पेश हुए केजरीवाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले केस मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी तीसरे समन पर भी बुधवार को पेश नहीं हुए और उन्होंने एक लिखित जवाब भेजकर नोटिस को अवैध बताया।

आम आदमी पार्टी अब इस मामले में कानूनी रुख अख्तियार करने की बात कर रही है। वहीं, ईडी भी केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाने को कोर्ट का रुख कर सकती है। सूत्रों के अनुसार केजरीवाल को अब अपने बचाव के लिए कानूनी रास्ता अपनाना होगा। इस बीच, केजरीवाल को ईडी के समन को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में सियासी घमासान शुरू हो गया है और दोनों पार्टियों ने एक दूसरे पर प्रहार किए हैं।

केजरीवाल ने ईडी को भेजे जवाब में कहा है कि फिलहाल वह राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस की तैयारियों में व्यस्त हैं, लेकनि वह एजेंसी की किसी भी प्रश्नावली का जवाब देने को तैयार हैं। केजरीवाल ने एजेंसी से अपने पहले के पत्रों का जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित पूछताछ/जांच के लिए बुलाए जाने से जुड़े वास्तविक इरादे और इस पूछताछ की प्रकृति और दायरे को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। उन्होंने समन के जवाब में कहा, उपर्युक्त महत्वपूर्ण पहलुओं पर आपकी चुप्पी मुझे यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित करती है कि आप अनुचित गोपनीयता बनाए हुए हैं. वर्तमान मामले में अपारदर्शी और मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं।



केजरीवाल ने इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर के दो समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था और नोटिस को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था।

### केजरीवाल के पास ये हैं कानूनी रास्ता

सूत्रों के अनुसार केजरीवाल के पास ईडी के समन से बचने के लिए कम से दो कानूनी रास्ते हैं। वह ईडी के समन को कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। वो कोर्ट में अपने अधिकार की बात करते हुए आरोप क्या लगे हैं, इसकी मांग कर सकते हैं। इसके अलावा वह कोर्ट से अग्रिम जमानत भी ले सकते हैं। ऐसे में जांच की प्रक्रिया जारी रहने के दौरान वह गिरफ्तारी से बच सकते हैं।

### भाजपा ने साधा केजरीवाल पर निशाना

इस मामले पर भाजपा ने दावा किया कि केजरीवाल नहीं चाहते कि सच्चाई सामने आए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने उन्हें भ्रष्ट बताया है। गौरव भाटिया ने कहा, अरविंद केजरीवाल जो कभी कहते थे कि हमें भारत से भ्रष्टाचार को खत्म करना है। अब ऐसे भ्रष्ट व्यक्ति बन गए हैं जो सोचते हैं वह कानून से ऊपर हैं। अरविंद केजरीवाल घबराए हुए हैं और कह रहे हैं 'लागा चुनरी में दाग छुपाऊं कैसे, किया है भ्रष्टाचार ईडी के पास जाऊं कैसे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल जिस तरह से ईडी के समन से बच रहे हैं, उससे साफ पता चलता है कि उन्हें देश की प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। अगर केजरीवाल को ईडी का नोटिस गलत लगता है, तो उन्हें कोर्ट जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम केजरीवाल ऐसा नहीं करेंगे। सचदेवा ने दावा किया, यह भ्रष्टाचार का स्पष्ट मामला है और कोर्ट से राहत पाना लगभग असंभव है।

### आप ने समन पर उठाए सवाल

आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन भेजने के समय पर सवाल उठाते हुए बुधवार को कहा कि ईडी ने अभी तक यह जवाब नहीं दिया है कि सीएम केजरीवाल को किस हैसियत से बुलाया जा रहा है - एक गवाह के रूप में या एक आरोपी के रूप में। पार्टी ने आरोप लगाया है कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है।

## शिवकुमार ने राजनीति के आरोपों को नकारा



**बेगलुरु।** 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के बाद हुई हिंसा के एक मामले में कर्नाटक के हुबली के एक शख्स की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा ने विरोध प्रदर्शन कर रही है। वहीं, इस पर राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि गिरफ्तारी कानून के तहत की गई थी। उन्होंने प्रतिशोध की राजनीति करने के भाजपा के आरोपों को भी नकार दिया। शिवकुमार ने कहा कि हम प्रतिशोध की राजनीति नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम कानून-व्यवस्था बनाए रखने का काम कर रहे हैं। यहां असामाजिक गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने भाजपा पर मामले का राजनीतिकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य के गृह मंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार केवल लंबित मामलों को निपटाने की कोशिश कर रही है।

## मोदी ने लिखा मीरा मांझी को पत्र, चाय का किया जिक्र

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी मीरा मांझी को पत्र भेजकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। यह पत्र दो जनवरी को लिखा गया है। पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या दौरे के दौरान मीरा मांझी के घर गए थे। उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में आप व आपके परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात और आपके द्वारा बनाई गई चाय पीकर बहुत प्रसन्नता हुई। अयोध्या से आने के बाद मैंने कई टीवी चैनलों पर आपका इंटरव्यू देखा। उसमें आपका व परिवार के अन्य सदस्यों का आत्मविश्वास और जितने सरल व सहज ढंग से आप लोगों ने अपने अनुभवों को साझा किया वह देखकर अच्छा लगा।

पीएम मोदी ने केरल में कांग्रेस व वामदलों पर किया सियासी प्रहार

# BJP को हराना विपक्षी गठबंधन का एजेंडा, विकास में रुचि नहीं

**एजेंसी** | त्रिशूर (केरल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अगामी लोकसभा चुनावों के लिए केरल में चुनावी बिगुल फूंकते हुए कांग्रेस और वाम दलों पर तीखा प्रहार किया और कहा कि इन सरकारों ने महिलाओं को उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया का भाजपा को हराने का साझा एजेंडा है। इनकी देश को आगे ले जाने में कोई रुचि नहीं है। पीएम मोदी ने केरल के त्रिशूर में एक महिला सम्मेलन की विशाल सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, कांग्रेस और वामपंथी दोनों ही आम लोगों के लिए लाभकारी किसी भी विकासात्मक परियोजना को लागू करने में रुचि नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा,मैं स्त्री शक्ति का आभारी हूं, जो इतनी बड़ी संख्या में मुझे अपना आशीर्वाद देने यहां पहुंची हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आजकल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है, लेकिन मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी है। दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद कांग्रेस की सरकारों ने,एलडीएफ-यूडीएफ की सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून वर्षों तक लटकाए रखा।




### मोदी विरोध के कारण नहीं होने देते विकास के काम

पीएम मोदी ने कहा, देश में सड़क बन रही है। आधुनिक रेलवे स्टेशन और आधुनिक एयरपोर्ट बन रहे हैं, लेकिन इंडी गठबंधन की सरकार सिर्फ मोदी विरोध के कारण काम नहीं होने दे रही। इंडी गठबंधन केरल में लूटने की स्वतंत्रता चाहता है। सोने की तस्करी को लेकर खेल चलता है और किन दफ्तरों से चलता है, ये किसी से छुपा नहीं है। ये चाहते हैं कि केंद्र सरकार जो धन देती है उसके बारे में पूछताछ नहीं हो।

### हमारी आस्था पर की चोट

पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन, हमारी आस्था पर चोट करता है। इन्होंने मंदिरों और हमारे त्योहारों को लूट का माध्यम बना दिया है। त्रिशूर पूरम के साथ जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबरीमाला में भी जिस प्रकार की अव्यवस्था सामने आई है, उससे श्रद्धालुओं को बहुत असुविधा हुई है। पीएम ने इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

### लक्षद्वीप को दी 1,150 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लक्षद्वीप को करोड़ों की सौगात दी। उन्होंने मुस्लिम बहुल लक्षद्वीप के लोगों का दिल जीतने के प्रयास के तहत बुधवार को कहा कि यह द्वीपसमूह भले ही छोटा है, लेकिन इसका दिल बड़ा है। प्रधानमंत्री ने यहां केंद्र शासित प्रदेश में 1,150 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री मंगलवार को लक्षद्वीप पहुंचे थे। उन्होंने बुधवार को एक समारोह में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने इस दौरान पहले की सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आजादी के बाद दशकों तक केंद्र में जो सरकारें रहीं उनकी प्राथमिकता सिर्फ अपने राजनीतिक दल का विकास था।

भाजपा ने मोर्चा प्रमुखों की घोषणा

# सुनील होंगे युवा मोर्चा प्रभारी, संजय को किसानों का जिम्मा





■ विनोद तावड़े को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चे का प्रभार सौंपा गया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। पार्टी ने संगठन को और गतिशील बनाने के लिए बुधवार को युवा, महिला, किसान और अल्पसंख्यक मोर्चा सहित अन्य मोर्चे के प्रभारियों की घोषणा की।

युवा मोर्चा का प्रभारी सुनील बंसल को बनाया गया है। वहीं, बैजयंत पांडा को महिला मोर्चा प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही बंदी संजय कुमार को किसान मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रभारी तरुण चुग और अनुसूचित जनजाति मोर्चे के प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल होंगे। सके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रभारी की जिम्मेदारी विनोद तावड़े को दी गई है।

वहीं, पार्टी ने अल्पसंख्यक मोर्चे का प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम को बनाया गया है। भाजपा ने इन नियुक्तियों की की घोषणा ऐसे समय की है, जब पार्टी लोकसभा चुनावों के लिए अपनी व्यूहरचना को अंतिम रूप देने में जुटी है।

मंगलवार को ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में भी चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया था।

बैठक में पार्टी महासचिव सुनील बंसल, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव और मनसुख मंडाविया सहित कई नेता शामिल रहे थे।

एडीआर की रिपोर्ट में दावा, BRS दूसरे स्थान पर

# भाजपा को मिला सबसे अधिक चंदा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

साल 2022-23 भाजपा के लिए दमदार साल रहा, क्योंकि इलेक्टोरल ट्रस्ट से पार्टी को सर्वाधिक चंदा मिला है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के मुताबिक, इलेक्टोरल ट्रस्ट से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे का 70 फीसद से ज्यादा हिस्सा भाजपा को मिला है। चुनाव सुधार की वकालत करने वाले संगठन ने बताया कि बीआरएस को कुल चंदे का तकरीबन 25 फीसद प्राप्त हुआ। 2022-23 के लिए इलेक्टोरल ट्रस्टों की योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण के अनुसार, 39 कॉरपोरेट और व्यावसायिक घरानों ने इलेक्टोरल ट्रस्टों को 363 करोड़ रुपए से ज्यादा दान किया। एडीआर के मुताबिक, 34 कॉरपोरेट और व्यावसायिक घरानों ने प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट को 360 करोड़ रुपए से ज्यादा योगदान दिया, जबकि एक कंपनी ने समाज इलेक्टोरल ट्रस्ट को दो करोड़ रुपए का योगदान दिया। वहीं, दो कंपनियों ने परिवर्तन इलेक्टोरल ट्रस्ट को 75.50 लाख रुपए और अन्य दो कंपनियों ने ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट को 50 लाख रुपए का चंदा दिया। एडीआर रिपोर्ट में कहा गया कि प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने 2021-22 में 336.50 करोड़ रुपए की तुलना में भाजपा को 256.25 करोड़ रुपये का दान दिया, जबकि समाज ईटी एसोसिएशन ने 2022-23 में अपनी कुल आय का 1.50 करोड़ रुपए भाजपा को दान दिया।

### ऐसे मिला चंदा

- पार्टी चंदा (रुपए में )
- भाजपा-259.08 करोड़ रुपए
- भारत राष्ट्र समिति-90 करोड़ रुपए
- वाईएसआर कांग्रेस, आप और कांग्रेस (सामूहिक तौर पर) 17.40 करोड़ रुपए

सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक

# झारखंड के CM बने रहेंगे सोरेन

**एजेंसी** | रांची

झारखंड में सियासी बदलाव के अटकलों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक की। सूत्रों के अनुसार सीएम सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा नहीं देने का फैसला लिया है।

बैठक के बाद कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि बैठक में 43 विधायक मौजूद थे। बैठक में यह ही तय हुआ कि सोरेन मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। सोरेन को जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय का सातवां समन मिलने के बाद से ही उनके मुख्यमंत्री पद छोड़ने की अटकलें तेज हो गई थी। यह कयास भी शुरू हो गए थे कि सोरेने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बना सकते हैं।



भाजपा नेताओं ने इस आशय का दावा भी किया था। सोरेन ने विधायकों के साथ बैठक से पहले कहा था, मेरी पत्नी के विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना, भाजपा की कल्पना मात्र है। भाजपा झूठा विमर्श पेश कर रही है कि मैं सत्ता अपनी पत्नी को सौंप दूंगा।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक

बुधवार दोपहर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी हुई। इस बैठक के बाद मीर ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार को लेकर कहीं कोई दिक्कत नहीं है।

कांग्रेस: व्यूहरचना पर मंथन


# न्याय यात्रा और सीटों के बंटवारे की राह आसान बनाने में जुटी कांग्रेस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन इंडिया का संयोजक बनाने की चर्चाओं के बीच कांग्रेस सभी राज्यों को लेकर अपनी रणनीति को अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटी है। पार्टी ने गुरुवार को सभी सभी राज्यों के पार्टी प्रदेश अध्यक्षों, प्रभारियों और नेता प्रतिपक्ष की बैठक बुलाई है।

इस प्रस्तावित बैठक में दो मुद्दे मुख्य बहुत ही अहम हैं। पहला मुद्दा लोकसभा चुनाव 2024 पर चर्चा करना है। दूसरा मुद्दा 14 जनवरी 2024 से शुरू होने वाली राहुल गांधी 6200 किमी की भारत न्याय यात्रा की तैयारी है। यात्रा शुरू होने में अब दस दिन ही शेष हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर मंथन अहम होगा। इसके साथ ही पार्टी कुल कितनी सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेगी इसको भी अंतिम रूप दे सकती है।

पार्टी की इस बैठक के बाद जल्द ही विपक्षी गठबंधन की भी बैठक होने वाली है जिसमें सीटों के बंटवारे पर चर्चा होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी के नेताओं के साथ इन मसलों पर लगातार मंथन कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस की योजना करीब लोकसभा चुनाव में 335 सीटों पर चुनाव लड़ने की है। पार्टी इसके लिए अपनी रणनीति को तय करने में जुटी है और इसके लिए विभिन्न स्तरों पर विचार विमर्श जारी है। पार्टी ने अब तक चर्चा में जो रणनीति बनाई गई है, उसके तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक,असम, हरियाणा, उत्तराखंड और गोवा सहित पूर्वोत्तर की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की रूपरेखा बनाई है। जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र में घटकदलों के साथ ही मिलकर चुनाव लड़ने की मंशा है। लेकिन इन कई राज्यों में कांग्रेस को इंडिया के घटक दलों की दावेदारी से जूझना पड़ सकता है।





हाल के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस व समाजवादी पार्टी में सियासी तकरार हो चुकी है। वहीं, राजस्थान में आरएलडी और गुजरात में आम आदमी पार्टी की दावेदारी भी कांग्रेस के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में आरएलपी का रुख कई सामाजिक समीकरण बना व बिगाड़ सकता है। कांग्रेस उसके साथ किस तरह से तार जोड़ती है, यह अहम होगा।

### जदयू ने अरुणाचल प्रदेश की सीट पर जताई दावेदारी

इस बीच जेडीयू ने बिहार की दो सीटों के साथ ही अरुणाचल प्रदेश की एक सीट के लिए अपना प्रत्याशी भी घोषित कर दिया है। जबकि आम आदमी पार्टी गुजरात और हरियाणा में अपने कुछ उम्मीदवार उतारनी चाहती है। ऐसे में कांग्रेस को 335 सीटों के दावे को पुष्ट करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है।

### चुनाव घोषणा पत्र को लेकर तैयारी शुरू, आज बैठक संभव

सीटों पर तालमेल के साथ ही कांग्रेस पार्टी ने घोषणा पत्र को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी है। इसका जिम्मा पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को सौंपा गया है। जिन्होंने गुरुवार को इसे लेकर एक अहम बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि पार्टी इस दौरान पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित किसानों, महिलाओं से जुड़े उन सभी मुद्दों को इसमें प्रमुखता से शामिल कर सकती है, जिसे लेकर वह लंबे समय से मुखर है।

## जरूरी खबर

### असम में ट्रक से भिड़ी बस, 12 लोगों की मौत

**असम।** असम में बुधवार सुबह डेरागांव में 45 लोगों को ले जा रही एक बस ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में 12 लोगों की मारे जाने की खबर है। वहीं, 27 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस का कहना है कि बस में बैठे लोग पिकनिक पार्टी के लिए अठखेलिया से बलिजान की ओर जा रहे थे। रास्ते में यह बस कोयले से लदे एक ट्रक से उसकी टक्करा गई। चार लेन राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण ट्रक गलत दिशा से जोरहाट की ओर से आ रहा था, जबकि बस सही लेन में थी। सुबह कोहरा था और दोनों वाहन तेज गति में थे। घायलों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### महुआ की याचिका पर नोटिस, सदन में नहीं बैठ सकती



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा द्वारा संसद के निचले सदन से उनके निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका पर लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए लोकसभा के महासचिव से जवाब मांगा और मार्च में मोइत्रा की याचिका को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। मोइत्रा को 8 दिसंबर को लोकसभा से निष्कासन किया गया था। महुआ ने इसे चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### नीलम को नहीं मिली राहत, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा मामले में गिरफ्तार आरोपित नीलम आजाद की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिका को कोई आधार नहीं है, क्योंकि आरोपित नीलम ने पहले ही निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल कर दी है। इससे पहले न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा बंसल की पीठ ने मामले पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। नीलम ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में पुलिस रिमांड को चुनौती दी है। नीलम ने कहा है कि निचली अदालत की कार्यवाही के दौरान अपना बचाव करने के लिए अपनी पसंद के अधिवक्ता से परामर्श करने की अनुमति नहीं दी गई है।

## गणतंत्र दिवस एनसीसी शिविर... पूर्वोत्तर की छात्राओं की मोहक प्रस्तुति








*नई दिल्ली। दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस एनसीसी शिविर-2024 का अयोजन किया गया है। शिविर में पूर्वोत्तर की 45 कैडेट छात्राओं का बैंड पहली बार भाग ले रहा है। बुधवार को छात्रा कैडेट के इस बैंड ने पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया।*

### अडाणी हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# सेबी की जांच में दखल से इनकार केस अन्य एजेंसी को ट्रांसफर नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी हिंडनबर्ग मामले में सेबी की जांच में दखल देने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि मामले की जांच सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी ने की है और उससे वह संतुष्ट है। याचिकाकर्ता कोई भी ऐसा ठोस आधार नहीं रख पाए हैं, जिसके चलते जांच का जिम्मा किसी और एजेंसी को सौंपने की जरूरत लगे।





सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि सेबी के नियामक ढांचे में प्रवेश करने की इस अदालत की शक्ति सीमित है। सेबी से एसआईटी को जांच ट्रांसफर करने का कोई आधार नहीं है। इस फैसले के बाद अडाणी ग्रुप के शेयर झूम उठे।

### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि अडाणी समूह को लेकर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट सामने आई थी। इस रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों के मूल्य में हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया था, जिसके बाद अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट भी दर्ज की गई थी।

आरोप है कि अडाणी समूह द्वारा शेयर मूल्यों में हेराफेरी की गई है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 24 नवंबर को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने कहा कि सेबी ने अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों से संबंधित 24 में से 22 मामलों में अपनी जांच पूरी कर ली है।

इसी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और सेबी से नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर विचार करने को कहा है। पीठ में न्यायाधीश जे बी पारडीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा शामिल हैं।

### 3 माह में करें 2 लंबित मामलों की जांच

पीठ ने कहा कि अखबारों में छपी रिपोर्ट के आधार पर सेबी जैसी संस्था की विश्वसनीयता पर शक नहीं किया जा सकता। सेबी ने मामले से जुड़े 24 में से 22 बिंदुओं की जांच पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने दो लंबित मामलों की जांच 3 महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया है। । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बाद सेबी अपनी रिपोर्ट के आधार पर जरूरी कार्रवाई करे।

### यह थी याचिकाकर्ता की दलील

याचिकाकर्ता ने यह दलील भी दी थी कि सेबी ने निवेश से जुड़े नियमों में बदलाव किए। इससे पूरी प्रक्रिया अपारदर्शी हो गई। इसका लाभ उठाकर अडाणी समूह ने अपने ही पैसों को विदेश के जरिए अपने शेयरों में लगाया और उसकी कीमत बढ़ाई।

### जूनियर पहलवानों का प्रदर्शन

## एक साल बर्बाद करने का आरोप, साक्षी-बजरंग विनेश पर साधा निशाना

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती में जारी संकट में बुधवार को नया मोड़ आया जब बुधवार को सैकड़ों जूनियर पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित करने के खिलाफ जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि डब्ल्यूएफआई के निलंबन से उनका एक साल खराब हो रहा है। उन्होंने इसके लिए शीर्ष पहलवानों बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया। इन्होंने बैनर पकड़ रखे थे जिस पर तीनों पहलवानों की तस्वीरों के साथ लिखा था, कर दिया देश की कुश्ती को बर्बाद, साक्षी , बजरंग और फोगाट

जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से यहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कुश्ती महासंघ का




निलंबन यदि दस दिन में वापस नहीं होता है तो वे अर्जुन अवॉर्ड जैसे अपने पुरस्कार वापिस कर देंगे।

दरअसल, हाल ही में डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष पद पर बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह को चुना गया था। संजय सिंह के चुनाव के बाद राष्ट्रीय अंडर 15 और अंडर 20 चैम्पियनशिप कराने का फैसला किया गया। इस बीच, संजय सिंह के निर्वाचन को लेकर पहलवान साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने मोर्चा खोल दिया।

### जेलों में जातिगत भेदभाव का आरोप

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और ग्यारह राज्यों को जारी किया नोटिस

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जेलों में जाति-आधारित भेदभाव का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों से जवाब मांगा है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों की जेलों में जाति आधारित भेदभाव को बढ़ावा दिया जाता है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड, जेबी पारदीवाला



और मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एस मुरलीधर की दलीलों पर ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि 11 राज्यों की जेल नियमावली अपनी जेलों के भीतर काम के बंटवारे में भेदभाव करती है।

### चार सप्ताह के बाद होगी सुनवाई

वरिष्ठ वकील ने कहा कि कुछ गैर अधिसूचित आदिवासियों और आदतन अपराधियों से अलग तरीके से बर्ताव किया जाता है और उनके साथ भेदभाव होता है। इस पर कोर्ट ने मुरलीधर से राज्यों से जेल नियमावलियों को एकत्र करने को कहा है और याचिका को चार सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### सुनवाई के दौरान CJI ने वकील को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक वकील को उसके लहजे के लिए फटकार लगाई और अदालत को डराने-धमकाने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी दी। सीजेआई ने वकील को टोकते हुए अधिक सम्मानजनक और नपे-तुले दृष्टिकोण पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि एक सेकंड, अपनी आवाज धीमी करें। आप भारत के सर्वोच्च न्यायालय की पहली अदालत के सामने बहस कर रहे हैं; अपनी आवाज़ धीमी करें, अन्यथा, मैं आपको अदालत से बाहर करवा दूंगा।

### 'एक जिला-एक उत्पाद' के विजेता पुरस्कृत




*नई दिल्ली। विदेश मंत्री जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित आत्मनिर्भर भारत उत्सव समारोह के तहत एक जिला, एक उत्पाद कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद थे।*

### अयोध्या में तेजी से जारी है विकास परियोजनाओं पर काम

# राम मंदिर परिसर में कई ऋषि-मुनियों के मंदिरों का भी होगा निर्माण

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के साथ उसके परिसर में अन्य कई मंदिरों का भी निर्माण होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से राम जन्मभूमि में ऐसे ऋषि-महर्षियों का मंदिर बनाने की तैयारी है, जिनका भगवान श्रीराम के जीवन पर प्रभाव रहा है।

इसके तहत परिसर में महर्षि वशिष्ठ, वाल्मीकि, विश्वामित्र व अगस्त्य के भी मंदिर बनेंगे। वहीं अयोध्या के वैश्विक नगरी के रूप में विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आठ परिकल्पनाओं के आधार



पर निरंतर कार्य हो रहे हैं। वहां जारी 30.5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं में से अधिकांश के 2024 में पूरी हो जाने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार राम जन्मभूमि परिसर में रामायण काल के ऋषि-मुनियों के प्रस्तावित मंदिरों का निर्माण कार्य राम मंदिर के उद्घाटन के बाद शुरू हो जाएगा।

### AI के जरिए रहेगी चप्पे चप्पे पर नजर

राम मंदिर के 22 जनवरी को उद्घाटन के बाद मंदिर की सुरक्षा संबंधी तैयारियों भी अन्य कार्यक्रमों के साथ साथ जारी हैं। मंदिर की फुलप्रूफ सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए चप्पे-चप्पे पर निगाह रखने का खाका तैयार किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने की तैयारी है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान इंटेलिजेंस ब्यूरो, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए खुफिया निगरानी रखने की भी तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक, इस तकनीक के जरिए अयोध्या में आने वाले बाहरी लोगों की गतिविधियां पर नजर रखी जाएगी और संदिग्ध लोगों आसानी से दबोचा जा सकेगा। वहीं, इससे पहले अयोध्या की सुरक्षा के लिए आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 90 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इससे बड़ी संख्या में ड्रोन भी खरीदे जाएंगे, जो रेड जोन और येलो जोन की गहन निगरानी में मददगार होंगे।

### मंदिर परिसर में बनाया जा रहा स्थाई हेलीपैड

मंदिर निर्माण कार्य के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थाई हेलीपैड बनाया जा रहा है ताकि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान राम भक्तों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि हमारा परिसर लगभग 100 एकड़ का है। उसी में हेलीपैड का निर्माण हो रहा है। प्रशासन चाहता था कि यहां पर एक हेलीपैड बनाया जाए और ये सुविधाजनक रहेगा। फिलहाल अयोध्या में राम कथा पार्क में भी एक हेलीपैड बनाया गया है।

### 100 चार्टर्ड प्लेन से आएंगे अतिथि

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आने वाले अतिथियों के अभिनंदन से लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर बुधवार को मंथन किया गया। एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की। समारोह में आठ से 10 हजार अतिथियों के आने की संभावना है। अतिथि करीब 100 चार्टर्ड प्लेन से आएंगे। अतिथियों को विशेष परिचय पत्र दिया जाएगा। व्यवस्था बनाने के लिए सभी के आमंत्रण पत्र पर क्यूआर कोड दिया गया है। क्यूआर कोड से कोई अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर पाएगा।

**शोभायात्रा:** भक्ति से सराबोर हुआ जयपुर, मंदिर से ब्रज निधि ले जाया गया विग्रह

# नगर भ्रमण पर निकले कृष्ण-बलराम

**बेधड़क.जयपुर।** हरे कृष्ण मूवमेंट की ओर से श्री कृष्ण-बलराम की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने अपने घरों से, दुकानों से भगवान के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। रंग-बिरंगे फूलों और लाइट्स से सजाए गए रथ में सवार कराकर श्री कृष्ण बलराम के विग्रह को सिटी पैलेस के पास ब्रज निधि मंदिर ले जाया गया।

### महाआरती के बाद लगाया विशेष भोग

शाम पांच बजे शोभा यात्रा शुरू हुई। इसके लिए भगवान का विशेष रथ तैयार किया गया, जिसको सुदर्शन चक्र और मयूर आकृति से सजाया गया था। ब्रज निधि मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के बाद यात्रा आरंभ हुई तो पूरा माहौल भक्ति से सराबोर हो गया। शोभा यात्रा से त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, नेहरू बाजार, बापू बाजार, जोहरी बाजार, बड़ी चौपड़ से त्रिपोलिया बाजार, त्रिपोलिया गेट होते हुए शाम को 7:45 बजे वापस ब्रज निधि मंदिर पहुंची। इसके पश्चात ठाकुर जी की महाआरती हुई और उन्हें विशेष भोग लगाया गया।



फोटो: राजेश कुमावत






### रथ खींचने वाला जन्म-मृत्यु के चक्र से हो जाता है मुक्त

मंदिर के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने बताया कि कृष्ण बलराम की शोभा यात्रा में भक्त पूरे उत्साह के साथ संकीर्तन करते हुए चल रहे थे और नृत्य कर रहे थे। शोभा यात्रा में लगभग छह हजार लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने यात्रा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की शास्त्रों के अनुसार जो मनुष्य शोभा यात्रा में श्री कृष्ण बलराम के दर्शन करता है और उनका रथ खींचता है, वह जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है।

## साहित्यकारों का होगा सम्मान किया जाएगा पुस्तक विमोचन

**बेधड़क. जयपुर।** सम्पर्क साहित्यिक संस्थान छठा वार्षिकोत्सव 7 जनवरी को मनाया जाएगा। संपर्क संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त विभाग के शासन सचिव नरेश ठकराल होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट शासन सचिव विधि हिमांकनी गौड़ करेंगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि ज्ञान विहार स्कूल के डायरेक्टर कनिष्क शर्मा तथा हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिल शुक्ला होंगे। महासचिव रेनू शब्द मुखर ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. संजीव कुमार, विनोद भारद्वाज, कृष्ण कल्पित, इकराम राजस्थानी, मनीषा कुलश्रेष्ठ, हेमंत शेष, राजेन्द्र मोहन शर्मा, मनोज शर्मा, डॉ. सूरज सिंह नेगी, रजनी मोरवाल, रमेश खत्री को साहित्य श्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सम्पर्क की 6 रचनाकारों देहरादून निवासी शशि कुड़ियाल के काव्य संग्रह दिल से दिल तक, जयपुर की डॉ. प्रियंका (आईएएस) की रिजर्व लिस्ट, नन्ही कवयित्री स्नेहा चौधरी की मेरी उड़ान, देहरादून निवासी डॉ. नूतन स्मृति की रेत के स्तूप से के साथ ही डॉ. माला कैलाश रिश्तों के क्षितिज, जोधपुर निवासी अर्चना त्यागी द्वारा लिखित सपने में आना मां का विमोचन किया जाएगा।

### '...फिर भी अब्बा कुंवारे' आज

**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्र मंच पर गुरुवार को बड़ा सवाल खड़ा होने वाला है। पांच बीवियां होने के बाद भी अब्बा कुंवारे क्यों हैं? यह सवाल उठाया जाएगा आगाज द अमेजिंग रंगमंच ग्रुप की ओर से मंचित किए जाने वाले नाटक में। रवींद्र मंच पर गुरुवार शाम को 6:30 बजे होने वाले इस नाटक में कुंवारे अब्बा की करतूतें दर्शकों का फुल मनोरंजन करने वाली हैं। इस नाटक को लिखा और निर्देशित किया है फिरोज मिर्जा ने।

### 'मंडलास ऑफ टाइम' का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** लेखिका मालाश्री लाल की पुस्तक 'मंडलास ऑफ टाइम' का विमोचन बुधवार को अशोक क्लब में सुधीर माथुर, अजय सिंघा और जगदीप सिंह द्वारा किया गया। अब तक 17 किताबें लिख चुकी लाल का यह पहला कविता संग्रह है। इस मौके पर मालाश्री ने बताया कि ये कविताएं कोविड के दौरान खालीपन का परिणाम थीं। सभी अन्य लेखकों की तरह, यह मेरे लिए भी चिंतन का दौर था। यह उन चीजों को करने का भी दौर था जो हम आमतौर पर नहीं करते हैं। पुस्तक के शीर्षक के बारे में उन्होंने कहा कि 'मंडला' मेरे लिए सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि 'स्पार्क्स ऑफ एनर्जी' भी है। उन्होंने कहा, समय के अलग-अलग क्षण हैं, जिन्हें उन्होंने इस संग्रह में एकत्रित किया है, लेकिन यह मेरे और मैं जो अनुभव करती हूं उसके ईर्द गिर्द घूमती हैं। सेशन के दौरान, उन्होंने पुस्तक से 'द वूमन माइग्रेंट वर्कर', 'बोगेनविलिया', 'मंथरा दासी', 'राधा'ज डिलेमा', और 'हिबिस्कस एंड द ओल्ड चंपा' आदि कुछ कविताएं पढ़कर भी सुनाईं। बुक सेशन का प्रश्न उत्तर और बुक साइनिंग के साथ संपन्न हुआ।

## City इवेंट्स

### जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान महिला अधिकारी एवं कर्मचारी (एकीकृत) महासंघ (राजमेक्स) की ओर से जेके लॉन अस्पताल में 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। मौका था भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती का। इस मौके पर राजधानी में विभिन्न जगहों पर पुष्पांजिल कार्यक्रम हुए। इसमें अस्पताल के अधीक्षक कैलाश मीणा, उपाधीक्षक हरिराम मीणा, आरएमओ गुरुदत्त रायपूरिया, मेडिसिन विभाध्यक्ष कुसुम देवपुरा, नर्सिंग अधीक्षक नरेश व धर्मवीर विद्यार्थी आिद ने माता सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर पूष्पांजलि अर्पित की। राजमैक्स की मधुलता ने सावित्री बाई पर कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में संगठन सचिव निलम नावरिया, महासचिव स्वाति प्रभा, विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम, रेखा बूंदेला, रमा, संगीता शाहिस्ता, रेखा सैनी, मीतेश झाझड़िया, कविता व अन्य पदाधिकारी ने मौजूद रहे।


### फुले के योगदान को किया याद



**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सावित्री बाई फुले जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के महासचिव जीएल वर्मा, दयानन्द सक्करवाल कोषाध्यक्ष, किशन लाल इंखिया, पूजा वर्मा, महेश धावनिया, शिव शंकर छत्रपति आदि ने सावित्री बाई फुले जी के जीवन, संघर्ष, विचारधारा और सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदानों पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया। सोसायटी के पदाधिकारी रोहित खन्ना, छगन बेनीवाल, शीला बेनीवाल, बीएल गौरा, पूर्णानंद मेहरड़ा सहित अन्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

**रवींद्र मंच के मुख्य सभागार में** नाटक का मंचन

## नट सम्राट ने बताया जीवन का सार-बुरे बच्चे नहीं, बुढ़ापा है



**बेधड़क | जयपुर**

नटसम्राट रंगमंच से अवकाश ले चुके और सम्मान प्राप्त एक नामचीन अभिनेता गणपतराव वेलवरकर की जीवन संध्या पर भोगी हुई त्रासदी की मार्मिक कहानी है। इस कहानी को दर्शाते नाटक का मंचन कल शाम रवींद्र मंच के मुख्य सभागार में हुआ। वी वी शिवाडकर द्वारा लिखित इस प्रभावपूर्ण नाटक का निर्देशन तपन भट्ट ने किया। नाटक का नायक नटसम्राट गणपतराव वेलवरकर एक शेक्सपीरियन और मराठी स्टाइल का अभिनेता है, जिसने सरकार से नट सम्राट की उपाधि प्राप्त की है। नाट्य जीवन अवकाश लेने के बाद वह अपनी सारी सम्पत्ति बेटे और बेटी में बांट देते हैं। कालांतर में पुत्र और पुत्री के उपेक्षापूर्ण व्यवहार और जीवन संगिनी की मृत्यु होने के बाद अर्द्ध-विक्षिप्त होकर दर दर भटकते हैं। तब उसे उसका अंतर्मन किंगलीयर की याद दिलाता है। नाटक के पात्र उसे बार बार याद आते हैं और उन्हीं के सहारे वो अपना शेष जीवन एक नाट्यशाला के बाहर बिताने के लिए तैयार है, ये सोचते हुए कि बच्चे बुरे नहीं होते, बुरा होता है बुढापा। नट सम्राट की भूमिका 81 वर्षीय अभिनेता पं.वासुदेव भट्ट ने की। नाटक में विशाल भट्ट, रेखा शर्मा, शाहरुख खान, झिलमिल भट्ट, कमलेश चंदानी, अन्नपूर्णा शर्मा और पाखी ने भी रोल किया। प्रकाश व्यवस्था राजेन्द्र शर्मा राजू की और संगीत डॉ. सौरभ भट्ट की रही।

**डिप्टी CM बैरवा ने किया मैराथन के** पोस्टर का विमोचन

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए 21 तक नंगे पांव रनिंग करेंगे प्रदीप



**बेधड़क | जयपुर**

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने एयू जयपुर मैराथन के पोस्टर का विमोचन किया। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित 15वीं एयू जयपुर मैराथन का आयोजन 4 फरवरी को होने जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों शोर से चल रही है।

रजिस्ट्रेशन और ट्रेनिंग सेशन शुरू हो चुके हैं। पोस्टर विमोचन के समय एयू जयपुर मैराथन के आयोजनकर्ता पं.सुरेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। अगले महीने आयोजित होने जा रही एयू जयपुर मैराथन इसलिए भी खास है, क्योंकि इससे जुड़े प्रदीप यादव गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं।

यादव 21 दिनों तक लगातार बेर्फुट रनिंग कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की शुरुआत कर चुके हैं। रनर प्रदीप एक जनवरी से 21 जनवरी तक सुबह 7 बजे नंगे पांव रनिंग करेंगे और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करेंगे। इससे पहले बीते रविवार को एयू जयपुर मैराथन की ओर से ट्रेनिंग कैंप किक-ऑफ सेरेमनी का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 100 से अधिक रनर्स ने भाग लिया और विधानसभा से लेकर स्टेच्यू सर्किल तक दौड़ लगाकर वैल फिटनेस का संदेश दिया। एयू जयपुर मैराथन के लिए शहरभर में 7 ट्रेनिंग ज़ोन भी बनाए गए हैं जिसमें रनिंग और वार्मअप्स से जुड़े टिप्स दिए जा रहे हैं।

**रिफ** दसवें संस्करण में दिखाई जाने वाली फिल्मों की अंतिम सूची जारी

## 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के साथ ही दिखेगी 'रूमा देवी'


**बेधड़क | जयपुर**

रिफ फिल्म क्लब की ओर से आयोजित राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) में दिखाई जाने वाली मूवीज की तीसरी और अंतिम सूची जारी जारी कर दी है। इस सूची में अभिनेता मनोज वाजपेयी की बहुचर्चित फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के साथ ही राजस्थान की 'रूमा देवी' के संघर्ष पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री सहित देश-विदेश में प्रशंसित 25 मूवीज का चयन किया गया है। रिफ का 10वां संस्करण 27 से 31 जनवरी तक एमआई रोड स्थित द जेम सिनेमा में यूथ एवं फिल्म हेरिटेज थीम पर आयोजित किया जाएगा। रिफ फिल्म क्लब के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक सोमेन्द्र हर्ष एवं अंशु हर्ष ने बताया कि तीसरी सूची में 13 फीचर और 12 नॉन-फीचर फिल्में शामिल की गई हैं। इस वर्ष कुल 65 फिल्मों को रिफ पेनोरमा (फीचर एवं नॉन-फीचर) की कॉम्पिटिशन श्रेणी में चुना गया है।










### इन 13 फीचर फिल्मों का होगा प्रदर्शन

डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर जैनी की तेलुगु फिल्म प्रजाकवि कालोजी, डायरेक्टर राघव पिलुटला की मन बहका, डायरेक्टर उषा देशपांडे की डिस्कवरिंग, डायरेक्टर देविका चंडू मोंडेति द वन व्हू स्लीप्स ऑन हिज ब्रीथ, डायरेक्टर गिबेलिस कोरोनडो की टैंगो बार, डायरेक्टर पैट्रिक जॉर्ज की अंकल एडूअर्ड, डायरेक्टर अनिल रविपुड़ी की तेलुगु फिल्म भगवंत केसरी, डायरेक्टर राजेश मीना की उस्ताद अनवर खान मंगनियार, डायरेक्टर केएस श्रीधर की द जर्नी ऑफ इसरो, डायरेक्टर जिगर नागदा की राजस्थानी फिल्म बत्ती-ए बॉय व्हू ड्रीम्ड ऑफ इलेक्ट्रिसिटी, डायरेक्टर राहुल वी चित्तेला की गुलमोहर, डायरेक्टर अपूर्व सिंह कर्की की सिर्फ एक बंदा काफी है और विजय आनंद की गाइड।

### रिफ अवॉर्ड नाइट 31 को

सोमेन्द्र हर्ष एवं अंशु हर्ष ने बताया कि इस वर्ष रिफ में स्क्रीनिंग के आलावा ओपन फोरम, वर्कशॉप और टॉक शो का भी आयोजन किया जाएगा। रिफ अवॉर्ड नाइट 31 जनवरी को द जेम सिनेमा में आयोजित की जाएगी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 04 जनवरी, 2024



चाहे जिंदगी जितनी भी कठिन लगे, आप हमेशा कुछ न कुछ कर सकते हैं और सफल हो सकते हैं।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### ईरान के करमान शहर में आतंकी हमला: कासिम सुलेमानी की चौथी बरसी पर कब्र के पास हुआ बम धमाका

# दोहरे धमाकों में 103 की मौत

## 170 लोग घायल



**एजेंसी** | तेहरान

ईरान का करमान शहर बुधवार को दोहरे धमाकों से दहल उठा। विस्फोट उस कब्रिस्तान में हुए जहां कमांडर जनरल सुलेमानी को दफनाया गया है। सुलेमानी को साल 2020 में अमेरिका ने ड्रोन हमले में मार गिराया था। इसमें 103 लोगों की मौत हो गई और 170 लोग जख्मी हो गए। ईरान के सरकारी मीडिया ने इन दोनों विस्फोट को आतंकी हमला बताया है। ईरान की आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता बाबाक येक्तापरस्त ने हमले की पुष्टि की है। हालांकि, अभी तक किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



### कौन थे कासिम सुलेमानी



कासिम सुलेमानी ईरान की कुर्द फोर्स के प्रमुख जनरल थे। 3 जनवरी 2020 को बगदाद एयरपोर्ट पर अमेरिकी हवाई हमले में जनरल सुलेमानी की मौत हो गई थी। इस मौत की जिम्मेदारी सीधे तौर पर अमेरिका ने ली थी। वे पूरे क्षेत्र में ईरानी नीति के सर्वेसर्वा थे।

### कनस्तरों में रखे थे बम

कमांडर जनरल सुलेमानी की मौत की चौथी बरसी पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी दौरान धमाके हुए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक बमों को कनस्तरों में रखकर प्लांट किया गया था। पहला धमाका सुलेमानी की कब्र से करीब 700 मीटर की दूरी पर और दूसरा धमाक इससे करीब 1 किमी की दूरी पर हुआ। यह राहत की बात रही कि धमाके शहर के व्यस्त इलाकों में नहीं हुए।

### पहला धमाका था ज्यादा शक्तिशाली

करमान के सांसद मोहम्मद रेजा पोर-इब्राहिमी ने बताया कि पहला धमाका दूसरे धमाके से ज्यादा शक्तिशाली था। सभी घायलों को करमान के शाहिद बहोनर अस्पताल में ले जाया गया है। अस्पताल की पूरी टीम जख्मी लोगों की देखभाल में लगी है। इसके साथ ही दूसरी मेडिकल टीम को भी बुलाया गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि आतंकियों ने रिमोट कंट्रोल की मदद से धमाकों को अंजाम दिया। सुरक्षाबलों ने धमाके वाली जगह को खाली करा लिया है। लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधि देखने पर तुरंत इसकी जानकारी दें।

### बंदरगाहों पर एक साल तक नहीं रुक पाएंगे चीन के जहाज

# श्रीलंका में चीनी जासूसी जहाजों की NO ENTRY

**एजेंसी** | कोलंबो

श्रीलंका की सरकार ने चीन के जासूसी जहाजों के अपने देश के बंदरगाहों पर रुकने पर 1 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। श्रीलंका का यह प्रतिबंध 1 जनवरी से शुरू हो गया। हिंद महासागर में अब जासूसी करने वाले चीन के जहाज श्रीलंका के बंदरगाह पर रुक नहीं पाएंगे। श्रीलंका के इस कदम को भारत के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है। पीएम मोदी समेत भारत सरकार ने कई माध्यमों से श्रीलंका से साफ-साफ कह दिया था कि चीन के जहाज वैज्ञानिक शोध के नाम पर विशाल हिंद महासागर में जासूसी कर रहे हैं। भारत की इस चेतावनी के बाद श्रीलंका की सरकार ने यह बैन लगाया। श्रीलंका इस समय चीन के पहाड़ जैसे कर्ज के तले दबा हुआ है और ड्रैगन इसी का लाभ उठाते हुए अपने जासूसी जहाजों को भेज रहा था।



### 2024 में होने हैं चुनाव

श्रीलंका में साल 2024 में चुनाव होने वाले हैं और विक्रमसिंघे सरकार अपने सबसे करीबी पड़ोसी देश के साथ भूराजनीतिक तनाव को भड़काकर पंगा नहीं लेना चाहती है। इससे पहले साल 2023 में चीन के कई जासूसी जहाज हिंद महासागर में आए थे और उन्होंने श्रीलंका के बंदरगाहों पर शरण ली थी। विशेषज्ञों के मुताबिक इस तरह के चीनी जहाज नागरिक और सैन्य दोनों ही उद्देश्यों के लिए चीन ने बनाए हैं। चीन समुद्र की स्थिति का पता लगाने की कोशिश कर रहा है ताकि उसके अंदर मौजूद तेल, गैस, पानी और तलहटी का पता लगाया जा सके।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने जताई थी चिंता

यह डेटा सबमरीन के संचालन में भी बहुत मददगार होता है। इसके अलावा ये महाशक्तिशाली चीनी जहाज भारत की नौसैनिक जासूसी के उपकरण का भी इस्तेमाल आसानी से कर सकते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी पिछले दिनों चीन के जासूसी जहाजों की मौजूदगी पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि चीन की नौसेना का आकार और तैनाती भी तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक चीन की नौसेना भारत को घेरने पाकिस्तान के ग्वादर, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका में अपनी उपस्थिति लगातार बढ़ा रही है।

### हमास के अफसर सालेह अरौरी की धमाके में मौत

**बेरुत**। हमास के शीर्ष अधिकारी सालेह अरौरी की धमाके में मौत हो गई है। लेबनान के टेलीविजन स्टेशन का कहना है कि दक्षिणी बेरुत उपनगर में हुए एक विस्फोट में अरौरी मारा गया। हमास की सैन्य शाखा के संस्थापकों में से एक सालेह अरौरी ने वेस्ट बैंक में समूह का नेतृत्व किया था।

## ISRO और एलन मस्क पहली बार आएंगे एक साथ




**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) साल 2023 में इतिहास रचने के बाद नए साल से नए जोश और मिशन के साथ आगे बढ़ रहा है। 2024 में इसरो एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। इस बार इसरो ने अंतरिक्ष में इतिहास रचने के लिए अंतरिक्ष की नंबर वन कंपनी स्पेस एक्स से हाथ मिलाया है। इसरो साल 2024 की तिमाही में अपने संचार सैटेलाइट GSAT-20 को अंतरिक्ष कंपनी स्पेस-एक्स की मदद से लॉन्च करने वाला है। इसकी घोषणा बुधवार को इसरो के कमर्शियल पार्टनर NSIL ने की है।

### 17 हेक्टेयर में फैला है महल

# चीन में मिला 4000 साल पुराना महल

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन में 4000 साल पुराने की महल की खोज ने दुनियाभर के पुरातत्वविदों ध्यान अपनी ओर खींचा है। बताया जा रहा है कि यह महल मध्य चीन के हेनान प्रांत शिनमी पुरातात्विक स्थल पर मिला है। यह पुरास्थल चीन के इतिहास में बहुत अहमयित रखता है। यह महल संभवतः शिया राजवंश (2070-1600 ईसापूर्व) के दौरान चीन के हेनान प्रांत में बनाया गया था। जिस शहर में यह महल स्थित है, वह चारों ओर से दीवार से घिरा हुआ था। अवशेषों से भरा हुआ यह पूरा इलाका 17 हेक्टेयर में फैला हुआ है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इस महल के खोज की जानकारी दी है। पुरातत्वविदों ने कुछ साल पहले झेंशुई नदी के पूर्वी किनारे पर इस प्राचीन शहर के अवशेषों को खोजा था। यह प्राचीन शहर करीब 176,000 वर्ग मीटर के आयताकार क्षेत्र में फैला हुआ है। यह बहुत अच्छी तरह से संरक्षित शहर प्राचीन लोंगशान संस्कृति से जुड़ा हुआ है। यह चीन की एक प्राचीन सभ्यता थी, जो आज के हेनान प्रांत और उसके आसपास के क्षेत्रों में निवास करती थी। खोजे गए राजमहल के अवशेषों में नींव का ढांचा शामिल है, जो मिट्टी, चाक या चूने जैसी कच्ची सामग्री को दबाकर बनाया गया है।



### चीन का महल कितना खास ?

इस खोदे गए विशाल महल के अवशेष लगभग 60 मीटर लंबे और 30 मीटर चौड़े हैं, जो 1,800 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में फैले हुए हैं। यह बीच में ऊंचा है और चारों तरफ नीचा है, जिसके ऊपर समतल सतह और स्तंभों के छेद समान दूरी पर बने हुए हैं। महल के संरचना में बने छेदों से संकेत मिलता है कि यह कैसे दिखता होगा। खुदाई दल के प्रमुख ली बो ने सिन्हुआ को बताया कि उनका मानना है कि ये छेद दर्शाते हैं कि नींव दक्षिण और उत्तर में छतों, पूर्व और पश्चिम में बरामदों और बीच में एक आंगन के साथ एक आवास परिसर से संबंधित थी। हेनान प्रांत में ही एक अन्य प्राचीन शहर झोउकोऊ में और भी पुरातात्विक खोज हुई हैं। इनके बारे में माना जाता है कि वे लोंगशान संस्कृति और शिया राजवंश के काल के हैं। शोधकर्ताओं को झुकूई मंदिर स्थल पर राख के गड्ढों, खाइयों और अन्य वास्तु अवशेष मिले हैं। इन खोजों में सबसे महत्वपूर्ण खोज मिट्टी के स्तंभों और मिट्टी की दीवारों से बने दो गोलाकार भवनों के अवशेष थे। इनका उपयोग संभवतः अनाज के भंडारण के लिए किया जाता था। खुदाई दल का नेतृत्व करने वाले पुरातत्वविद फांग लिक्सिया ने बताया कि ये खोजें क्षेत्र में प्राचीन कृषि प्रथाओं पर प्रकाश डालेंगी। हेनान प्रांत विभिन्न प्राचीन चीनी राजवंशों के समय की कई पुरातात्विक खोजों का घर है।

# जापान: भूकंप के बाद अब भारी बारिश का खतरा

**एजेंसी** | टोक्यो

नए साल के दिन जापान में आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या 62 तक पहुंच गई है। जापान में 7.6 की प्रारंभिक तीव्रता वाला भूकंप सोमवार को दोपहर के मध्य में आया, इससे कई इमारतें नष्ट हो गईं। इस बीच, जापान में राहत और बचाव कार्य जारी है और मलबे में दबे लोगों की तलाशा जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, तबाही के बाद कुछ तटीय क्षेत्रों के निवासियों को ऊंचे स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



वहीं, मौसम विभाग के अफसरों ने कहा कि बुधवार को भूकंप प्रभावित इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है, जिससे भूस्खलन की आशंका बढ़ गई है। जापान में टूटी सड़कें, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे और सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों के दूरस्थ स्थान के कारण राहत और बचाव कार्य मुश्किल है। अधिकारियों ने अब तक 62 मौतों की पुष्टि की है, जो मंगलवार देर रात 55 से अधिक है।

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बचे लोगों को बिजली और पानी सहित बुनियादी सुविधाएं मिलें। किशिदा ने एक आपदा प्रतिक्रिया बैठक के दौरान कहा कि जितना संभव हो उतने लोगों को बचाने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करें, जबकि यह ध्यान में रखें कि यह समय के खिलाफ भी एक लड़ाई है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl